दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



एक और बहादुर ........

शुरू हुआ था सच्चे प्यार का .....

वर्ष : 11 | अंक : 337 | लखनऊ, 27 नवम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**
सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10


## खबर संक्षेप

### हम किसी भी तरह डेरा खाली नहीं करेंगे: राबड़ी




पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी के सरकारी आवास बदले जाने पर सियासत गर्माई है। अब आरजेडी ने नीतीश सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है कि जो करना है करेंगे, लेकिन डेरा (10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास) खाली नहीं किया जाएगा।

### बेटे को मंत्री बनाने पर आरएमएल में टूट



पटना। राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री बनाने के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा में विरोध शुरू हो गया है। पार्टी में नाराजगी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ, प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव सहित अन्य कई नेताओं ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

### चक्रवाती तूफान से भारी बारिश की चेतावनी



नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार देर रात बड़ा अपडेट जारी करते हुए बताया कि मलक्का जलडमरूमध्य के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान 'सेन्यार' में बदल चुका है। 6 घंटों में सिस्टम ने 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए तूफान का रूप ले लिया है।

---

संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, नागरिकों से की अपील

# हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व का द्योतक

**कर्तव्यों के निर्वहन को सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार बताया**

**मतदान लोकतंत्र की नींव, पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करें**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा कि ये एक मजबूत लोकतंत्र की नींव है। संविधान दिवस पर नागरिकों को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि 18 साल की उम्र पूरी कर पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करके संविधान दिवस मनाएं।

पीएम मोदी ने महात्मा गांधी के इस विश्वास को याद किया कि अधिकार कर्तव्यों के निर्वहन से प्राप्त होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कर्तव्यों का निर्वहन सामाजिक और आर्थिक प्रगति का भी आधार है। उन्होंने कहा कि आज ली गई नीतियां और निर्णय आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगे और नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें, क्योंकि भारत विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है।

लोग कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें

नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की



संविधान दिवस सभा में प्रधानमंत्री सहित कई हस्तियां रहीं शामिल

### संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता और दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह हमें अधिकारों से सशक्त तो करता ही है, साथ ही नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं। आइए हम अपने कार्यों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। यह हमें अधिकारों से सशक्त बनाता है। ये हमें नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं।

इन्होंने कहा

### भारत हमेशा एक रहेगा: राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महान विद्वानों, ड्राफ्टिंग कमिटी और संविधान सभा के सदस्यों ने करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने गहरी सोच दी। भारत एक है और हमेशा एक रहेगा।

### ..तो विकसित देश बनेगा: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगर संविधान का अक्षरशः पालन किया जाए तो भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाएगा। यह हमारा सामूहिक लक्ष्य है।

### यादव ने निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

भारत के 76वें संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारतीय संविधान के निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन सभी महान व्यक्तियों को करोड़ों सलाम जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत और जीवंत बनाने में योगदान दिया।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

### कानून का शासन बनाए रखने में बार की भूमिका अहम



बार एसोसिएशन सभा में सीजेआई

संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।

### केवल संविधान सर्वोच्च: तुषार मेहता

इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार यह संविधान की खूबसूरती है कि इसके तीनों हिस्से, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, एक-दूसरे से आजाद हैं। केवल संविदान सर्वोच्च है।

---

कर्नाटक संकट पर खरगे ने कहा

# सोनिया, राहुल से करूंगा बात हम जल्द निकाल लेंगे समाधान

**सीएम पद को लेकर सिद्धारमैया व शिवकुमार में खीचतान**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के दो नेताओं सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान चल रही है। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द ही वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से चर्चा के बाद इस मामले का समाधान करेंगे। इस मसले पर अगले 48 घंटों के अंदर राहुल से बात करेंगे। खरगे ने कहा है कि एक दिसंबर तक यह संकट सुलझा लिया जाएगा। एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। खरगे ने कहा कि बैठक तय की जाएगी। संभवतः शुक्रवार को सिद्धारमैया और शिवकुमार को दिल्ली बुलाया जाएगा। खरगे का यह बयान ऐसे समय में अहम है जब राज्य में पार्टी के भीतर शक्ति संघर्ष तेज हो गया है।

### मेरे पिता सीएम ही नहीं पीएम पद के भी दावेदार

इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे की प्रतिक्रिया सामने आई है। क्या कर्नाटक में सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे के सवाल प्रियांक खरगे ने कहा कि सब कुछ ठीक है और आलाकमान जो भी फैसला लेता है, उसका पालन सभी कर रहे हैं, चाहे वह अभी के लिए हो या भविष्य में। कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल की कथित टिप्पणी पर कर्नाटक के मंत्री प्रियांक ने कहा कि जब भी राज्य में चुनाव होते हैं, मल्लिकार्जुन खरगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते हैं। जब भी संसदीय चुनाव होते हैं, वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, संख्या मायने रखती है और मल्लिकार्जुन खरगे को जो भी कहना है, वह कहेंगे।



### ढाई साल पूरा होते ही नाटक शुरू हो गया

20 नवंबर को कांग्रेस सरकार के पांच वर्षीय कार्यकाल के ढाई साल पूरा होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि 2023 में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित 'सत्ता साझेदारी' समझौते का दावा किया जा रहा है। इस बीच, सिद्धारमैया ने हाल ही में कहा था कि वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट पेश करना जारी रखेंगे।

---

ट्रेनों में हलाल मांस परोसने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने रेलवे को नोटिस देकर मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ट्रेनों में परोसे जाने वाले नॉनवेज में हलाल प्रमाणित मांस को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। आयोग ने रेलवे बोर्ड को नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने कहा कि हलाल मांस की वजह से हिंदु समुदायों के अनुसूचित जाति और मांस व्यापार में लगे अन्य गैर-मुस्लिम समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली कमेटी ने भारतीय रेलवे बोर्ड को नोटिस दिया है।



### धार्मिक आस्थाओं का सम्मान होना जरूरी

नोटिस में कहा गया कि हलाल मांस को लेकर मिली शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। धार्मिक आस्थाओं सका सम्मान होना जरूरी है।

---

दिल्ली के प्रदूषण पर सीजेआई चिंतित

# 55 मिनट भी टहल नहीं सका इससे सुबह तक परेशान रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की खराब हवा को लेकर में बुधवार को गंभीर चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रदूषण के हालात राजधानी में ऐसे हैं कि 55 मिनट चलने के बाद सुबह तक दिक्कत हो रही है। यहां प्रदूषण इस हालत में पहुंच गया है कि बाहर सैर करना भी मुश्किल हो गया है। मंगलवार को उन्होंने करीब 55 मिनट की वॉक की थी, जिसके बाद उन्हें सुबह तक परेशानी बनी रही। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### मैंने टहलना बंद कर दिया: सिब्बल

सीजेआई ने यह टिप्पणी वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी के खराब सेहत का हवाला देते हुए सुनवाई से छूट मांगने के दौरान की। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी कहा मैंने टहलना बंद कर दिया है।

---


प्रधानमंत्री मोदी ने दी बड़ी सौगात

# हैदराबाद में सफ्रान का विशाल 'एमआरओ' हब शुरू, अब एयरक्राफ्ट्स की होगी मरम्मत

**पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुविधा का किया उद्घाटन**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत के एविएशन सेक्टर ने बुधवार को एक ऐतिहासिक मुकाम छू लिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थित सफ्रान का विशाल रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। पीएम ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस लेटेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया। इससे सुविधाएं बढ़ जाएंगी।




**विमानन दुनिया का तीसरा बाजार बना**

पीएम ने कहा कि भारत का उभरता एविएशन सेक्टर नई उड़ान के लिए तैयार है। यह फैसलिटी भारत को ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर होगी। भारत का घरेलू विमानन बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन चुका है।

---

एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को लिखा पत्र, ताकीद दी

**निर्वाचन अधिकारियों को खतरा पर जताई चिंता**

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पश्चिम बंगाल में गहन मतदाता पुनरीक्षण (सर) के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर चुनाव अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। ईसी ने पत्र लिखकर कहा है कि एसआईआर की ड्यूटी में तैनात चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जानकारी में आया है कि 24 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय की सुरक्षा तोड़ी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त, अडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, जॉइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया गया है। आयोग ने पहले ही घटना का संज्ञान लिया है और ऑफिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।

### जय हिंद से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा: ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने राज्यसभा की ओर से जारी किए गए बुलेटिन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सदन के भीतर धन्यवाद, थैंक यू, जय हिंद, वंदे मातरम या किसी अन्य प्रकार के नारे लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई है। ममता ने इस पर कहा कि क्यों नहीं बोलेंगे? जय हिंद और वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है। यह हमारी आजादी का नारा है। जय हिंद हमारे नेताजी का नारा है। इससे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।



---

पूर्व चीफ जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में बेबाकी से बात की

# न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए

**न्यायिक सक्रियता से बुलडोजर दहशत और सियासी दबाव पर भी दिए जवाब**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा, न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। अंततः हमारा संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के संतुलन और अलग-अलग कार्यक्षेत्र पर यकीन रखता है।

संविधान में शक्ति संतुलित

### न्यायिक सक्रियता से डर फैलना गलत



जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। देश के नागरिकों को देश की न्यायिक प्रक्रिया और सक्रियता से डर नहीं फैलना चाहिए। यह गलत है।

**कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का**

सीजेआई गवई ने कहा कि उन पर कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का दबाव नहीं पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम ट्रांसपेरेंट है, और यह आरोप कि यह ओपेक है, सही नहीं हैं।

### नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिले

न्यायिक एक्टिविज्म पर पूर्व चीफ जस्टिस ने ये भी साफ किया कि कई मौकों पर, नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण, अपनी शिकायतों के निवारण और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में, अगर किसी व्यक्ति को न्यायपालिका अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है तो ये गलत नहीं है।

जूता फेंकने की घटना पर कहा

### संस्कारों का असर, कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी

जस्टिस गवई ने जूता फेंकने की घटना पर कहा कि उस समय उन्होंने आरोपित वकील के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का फैसला अपनी परवरिश और मूल्यों के चलते लिया। गवई ने कहा कि शायद यह मेरे संस्कारों का असर है। जब कोर्ट में यह घटना हुई, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि इसका संबंध मेरे कोर्ट में दिए गए किसी कथित बयान या टिप्पणी से बताया जा रहा है। लेकिन मुझे लगा कि मामले की सुनवाई आगे बढ़ाना चाहिए।

## महिला खाता धारक के खाते से 2लाख 24 हजार गायब,

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5 में रहने वाली एक महिला खाता धारक के बैंक खाते से 3 दिन में 2लाख 40 हजार रुपए गायब हो गए, पीड़ित ने साइबर सेल,बैंक को सूचना देने के बाद पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। सुषमा कनौजिया पत्नी सौरभ कन्नौजिया तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत, सेक्टर 5 ए, वृंदावन योजना राय बरेली रोड पीजीआई लखनऊ में परिवार संग रहती हैं । सुषमा का एक बचत खाता, इण्डियन बैंक शाखा सैनिक नगर, राय बरेली रोड,लखनऊ में चल रहा है।सुषमा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके खाते से बीते 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच रुपए निकल गए। 2 नवम्बर को आए मैसेज से उन्हें फ्रॉड की जानकारी हुई ।जिसकी सूचना बैंक , साइबर सेल हजरतगंज,को सूचना दी। पीजीआई कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## धनपाल खेड़ा में लाखों की चोरी, शादी के लिए रखे जेवर और नकदी पार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। थाना क्षेत्र के धनपाल खेड़ा गाँव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी, शादी के लिए रखे सोने-चांदी के जेवर और भगवान की चांदी-पीतल की मूर्तियाँ चोरी कर लीं।बुधवार सुबह जब परिजन सोकर उठे तो घर के मोबाइल फोन भी गायब मिले।परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच के बाद थाने में लिखित तहरीर देने को कहा।धनपाल खेड़ा निवासी शुशांक द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत हैं और परिवार का पालन-पोषण करते हैं।बीते मंगलवार रात खाना खाकर परिवार सो गया था।देर रात चोर घर में प्रवेश कर दो मोबाइल फोन, लगभग ढाई लाख रुपये नकद (जिसमें एक लाख रुपये ऑफिस के थे), चांदी के लक्ष्मीझगणेश, पीतल के सामान, लोहे का कुछ सामान और बेटी की शादी के लिए रखी सोने की चेन, अंगूठी और चांदी की पायल उठा ले गए।

# जमीन की लालच में सगे भाई को उतारा मौत के घाट

### हत्यारो ने रची झूठी आत्महत्या की कहानी

### मां की तहरीर पर तीन रिश्तेदारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज...

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। मोहनलालगंज के राधाकृष्ण गांव निवासी अमित की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि सोची-समझी हत्या थी।

परिजन मामले को आत्महत्या साबित करने के लिए लगातार पुलिस को भटकाते रहे लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद पुलिस ने संदिग्धों से कड़ी पूछताछ की तो पूरा सच सामने आ गया जमीन के लालच में मृतक के मौसेरे भाई और दो सगे भाइयों ने ही अमित के सिर पर हमला कर उसकी हत्या की और शव को ऑटो से ले जाकर बांक नाले में फेंक दिया। इधर, मृतक की मां की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शव मिला था मौरंग-गिट्टी की दो बोरियों के साथ बंधा हुआ

बीते सोमवार दोपहर राधाकृष्ण खेड़ा गांव के मजदूर अमित (34) का शव निगोहां के गौतमखेड़ा बांक नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था।शव के साथ मौरंग-गिट्टी से भरी दो बोरियां बंधी थीं। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर जांच शुरू की और अमित के बड़े भाई बेचालाल, छोटे भाई प्रेम व मौसेरे भाई महेश को पूछताछ के लिए बुलाया।

### पुलिस को भटकाने के लिए रची 'आत्महत्या' की झूठी कहानी

निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों ने पहले आत्महत्या की कहानी गढ़ी और कहा कि डर की वजह से शव को नाले में फेंका गया।

लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट और गला कसने की पुष्टि होने के बाद उनकी कहानी धराशायी हो गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर पूरी साजिश खुल गई।

### जमीन के विवाद में दिया वार, फिर गला दबाकर की हत्या

पुलिस जांच में सामने आया कि जमीन के विवाद को लेकर तीनों आरोपियों का अमित से विवाद हुआ था। कहासुनी के दौरान आरोपियों ने भारी वस्तु से अमित के सिर पर प्रहार किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा।इसके बाद उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई ।हत्या के बाद तीनों ने शव को ऑटो में रखा और मौरंग-गिट्टी की दो बोरियां बांधकर उसे बांक नाले में फेंक दिया।

बुधवार को मृतक की मां जगदेई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों बेटों व मौसेरे भाई के खिलाफ हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मजदूरी करके वापस घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी राकेश (40) बुधवार शाम को मलिहाबाद केवलहार विद्यालय से मजदूरी करके बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था।तभी माल रोड पर बॉर्डर के समीप तेज रफ्तार अज्ञात डाले ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिवार में पत्नी टीनू, दो बेटे अरुण, आयुष है. जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# यूपी में उद्योगों के लिए और सस्ती होगी जमीन

### लीज रेंट घटाने की तैयारी में योगी सरकार, खेल उद्योग की तर्ज पर डेवलप होंगे क्लस्टर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए भूमि और सस्ती की जाएगी।साथ ही लीज रेंट को कम किया जाएगा। सरकार अलग-अलग श्रेणी के उद्योगों के लिए मेरठ के खेल उद्योग की तर्ज पर अलग-अलग क्लस्टर विकसित करेगी। वहीं औद्योगिक भूमि के आवंटन में स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को प्राथमिकता दी जाएगी।उद्योगों के लिए नीलामी की बजाय लाटरी के जरिए भूखंडों का आवंटन करने की भी नीति तैयार की जा रही है।

बुधवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर औद्योगिक सुधारों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को और सरल बनाने की रणनीति तय की गई।बैठक में नन्दी व एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश को और गति प्रदान करने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। विभिन्न औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में भूखंड उपलब्ध कराने के नियम और शर्तों को एक समान बनाया जाए। भूखंड के हस्तांतरण की व्यवस्था को समाप्त कर आवंटित भूमि का उपयोग केवल उद्योगों स्थापना के लिए होना चाहिए।मंत्रियों ने निर्देश दिया कि ऐसा न करने वालों के भूखंडों का आवंटन रद किए जाए। बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि सूक्ष्म उद्यमियों को कम किस्तों पर शेड उपलब्ध कराकर प्लग एंड प्ले सुविधा विकसित की जाए।

## मलिहाबाद में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा मोर्चा सम्मेलन संपन्न




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को मलिहाबाद के खड़ता चौराहा पर युवा मोर्चा द्वारा मंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने की, जहां क्षेत्र के युवा कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बनता था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विजय मौर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और इसी उद्देश्य से संगठन निरंतर युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी चिंतामणि त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी, आदेश द्विवेदी, मिंटू मौर्य समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक मजबूती, युवाओं की भागीदारी और आने वाले कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

# गन्ना किसानों से लोडिंग-अनलोडिंग शुल्क वसूलने पर होगी कार्रवाई, आयुक्त ने दिए ये कड़े निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों से लोडिंग-अनलोडिंग शुल्क लिए जाने की शिकायतों पर गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने विभागीय अधिकारियों को निगरानी के निर्देश दिए हैं। कहा है कि अधिकारी क्रय केंद्रों आदि का नियमित निरीक्षण करें और शिकायतों पर संबंधित कर्मियों, ट्रांसपोर्टर पर उप्र गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) नियमावली के तहत कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को घटतौली को लेकर भी निगरानी की हिदायत दी गई है।

प्रदेश की अधिकांश चीनी मिलों में वर्तमान में गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो चुका है।इस बीच विभाग को चीनी मिल गेट व बाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली व किसानों से गन्ने की लोडिंग-अनलोडिंग का शुल्क मांगने की शिकायतें मिल रही हैं।इस पर गन्ना आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि परिक्षेत्र के उप चीनी आयुक्त, उप गन्ना आयुक्त, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक चीनी आयुक्त और चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि घटतौली की शिकायत न मिले।

किसानों से शुल्क वसूली की शिकायत सही पाए जाने पर दोषी तौल लिपिकों, चीनी मिलों एवं अनुबंधित ट्रांसपोर्टरों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। परिक्षेत्रीय अधिकारियों को गन्ना डायवर्जन पर भी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### जेम पोर्टल से ही सामग्री क्रय करेगा गन्ना विभाग

अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग वीना कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार को चीनी मिलों के महाप्रबंधकों, उप गन्ना आयुक्तों, जिला गन्ना अधिकारियों और विभागीय कार्मिकों के साथ गन्ना किसान संस्थान सभागार में जेम पोर्टल पर खरीद-बिक्री एवं सेवा प्रदाता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग में सभी प्रकार की सामग्री का क्रय एवं सेवा प्रदाता कार्य केवल जेम पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएंगे, जिससे विभागीय खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इसका पालन करने एवं समय-समय पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

## पुलिस ने आधे घंटे में ऑटो में छूटा पर्स महिला को सकुशल बरामद कर लौटाया

### पुलिस की सराहनीय कार्य से पर्स पाकर महिला के चेहरे में लौटी मुस्कान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने बुधवार को सराहनीय कार्य करते हुए एक महिला का ऑटो में छूटा पर्स महज आधे घंटे में सकुशल बरामद कर लौटा दिया। पर्स में करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नगदी व महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। सरोजनी नगर थाने की शांतिनगर चौकी प्रभारी शिवराज सिंह के मुताबिक क्षेत्र के त्रिमूर्ति नगर निवासी हेमा देवी बुधवार शाम करीब 6 बजे तेलीबाग से ऑटो रिक्शा से घर लौट रही थीं।शांति नगर के पास 6:30 बजे ऑटो से उतरते समय उनका पर्स वाहन में ही छूट गया। घर पहुंचने पर पर्स गायब मिलने पर उन्होंने आनन फानन पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर ऑटो का नंबर ट्रेस किया। बाद में पुलिस टीम ने तुरंत दबिश देकर चालक को ढूंढ निकाला और मात्र 30 मिनट के भीतर पर्स बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक पर्स में मंगलसूत्र, पायल, सोने के झुमके सहित अन्य जेवर, कुछ नगदी तथा जरूरी कागजात थे, जिनकी कुल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। वहीं पर्स मिलते ही हेमा देवी ने राहत की सांस ली और स्थानीय लोगों के साथ सरोजनीनगर पुलिस की तत्परता की सराहना की।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अंत्योदय परिवारों के घर तक जाएंगे कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार


लखनऊ। आयुष्मान योजना के 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले विशेष अभियान में अंत्योदन राशन कार्ड पात्र लाभार्थियों के घर जाकर कार्ड बनाए जाएंगे। इस अभियान में छूटे हुए परिवारों का पता लगाया जाएगा। जिससे सभी को इस योजना से जोड़ा जा सके और उन्हें पांच लाख रुपये तक निश्शुल्क इलाज की सुविधा मिल सके। अभियान में निर्माण श्रमिकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) में दर्ज आंकड़ों के अलावा अंत्योदय कार्ड धारकों के लगभग 41 लाख, निर्माण श्रमिकों के लगभग 13 लाख, आशा के लगभग 1.43 लाख और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायकों के 1.93 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य है। लगभग 41 लाख अंत्योदय कार्ड धारकों में से 93 फीसदी परिवारों को योजना का लाभ मिल चुका है। बचे हुए सात प्रतिशत (2.87 लाख) परिवारों से इस अभियान के दौरान संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा 13 लाख निर्माण श्रमिकों में से 95 प्रतिशत परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है।बचे हुए पांच प्रतिशत (65 हजार) श्रमिकों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा 75 हजार से अधिक आशा और लगभग एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायकों का इस अभियान के दौरान कार्ड बनाया जाएगा। अभियान में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के कार्ड बनाए जाएंगे।

## लखनऊ में युवा उत्साह का बड़ा मंच यश फाउंडेशन का 'संविधान कारवां-युवा उत्सव 2025' सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मंगलवार को युवाओं की ऊर्जा और संवैधानिक जागरूकता का अनोखा संगम देखने को मिला। यहे एक सोच (यस) फाउंडेशन ने शेरोज कैफे और अम्बेडकर पार्क में 'संविधान कारवांझयुवा उत्सव 2025' का आयोजन किया, जिसमें लखनऊ और सीतापुर के युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की।

कार्यक्रम की शुरूआत 'संविधान की शुरूआत' सत्र से हुई, जहाँ युवाओं को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूलभूत संवैधानिक मूल्यों को अनुभव आधारित गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए युवा स्टॉल, कला प्रदर्शनी, खेल और संवाद सत्रों ने युवाओं की रचनात्मकता को नया मुकाम दिया।



'कौन बनेगा संविधान चैंपियन?'

इंटरैक्टिव क्विज पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इसके अलावा युवा कवियों की प्रस्तुतियों ने संवैधानिक आदर्शों को रचनात्मक रूप में सामने लाकर उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी।

कार्यक्रम में 'किशोरों और युवाओं के साथ अभी काम करना क्यों जरूरी है?' विषय पर विशेषज्ञों की पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें युवाओं की भूमिका, एजेंसी और सुरक्षित स्पेस के महत्व पर विस्तार से बात की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।शाम का समापन संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ।इस अवसर पर पहल से जुड़े युवाओं ने सरकारी योजनाओं तक पहुँच, स्कूल पुनः नामांकन, लैंगिक समानता और समुदाय में सुधार से जुड़े अपने कार्यों को साझा किया, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। यस फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को संविधान से जोड़ने, उनकी नेतृत्व क्षमता को पहचानने और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जीशान,रचिता,गौरव त्रिपाठी ,शिवांगी हर्षिता,शरद,राजेन्द्र,आशीष ,दिशा, कृतिका,रमशा उपस्थित रहे।

# एसआईआर फॉर्म भरने में पारदर्शिता सुनिश्चित करें: डीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने बुधवार को विकासखंड मलिहाबाद के तिलसुआ, पुरवा और बीआरसी बूथ टाउन में चल रही एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी।बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे डीएम ने मौके पर मौजूद बीएलओ से सीधे फॉर्म भरने की वास्तविक स्थिति, प्रगति और चुनौतियों की जानकारी ली। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार भी पूरे समय उनके साथ मौजूद रहे।



एस आई आर फॉर्म के बारे में जानकारी लेते – डीएम

निरीक्षण के बीच जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और सहायक पंचायत अधिकारी से अब तक की प्रगति का विस्तृत ब्योरा मांगा।उन्होंने स्पष्ट कहा कि–सहायक पंचायत अधिकारी, कोटेदार, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक सहित सभी जिम्मेदार मिलकर फॉर्म भरने के कार्य में तेजी लाएं और किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरतें।

उन्होंने निर्देश दिया कि फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सतर्क और जिम्मेदारीपूर्ण होनी चाहिए। ग्रामीणों को फॉर्म भरने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए टीमों को सक्रिय रहकर हर पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

### जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा–

'एक भी पात्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए। फॉर्म भरने की प्रक्रिया समयबद्ध, सहयोगपूर्ण और त्रुटिरहित तरीके से पूरी की जाए।'

औचक निरीक्षण से अधिकारियों में जहां सतर्कता बढ़ी, वहीं टीमों को स्पष्ट संकेत मिल गया कि फील्ड में काम की गुणवत्ता और गति दोनों पर डीएम की सीधी नजर है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में छात्र की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कोचिंग पढ़ने जा रहे साइकिल सवार छात्र को अज्ञात डाले ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्र उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने आनन फानन इलाज हेतु अस्पताल ले जा रहे जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने शव सड़क पर रखकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिला शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद कटौली निवासी हजारी का पुत्र अंश (15) बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे घर से साइकिल पर सवार होकर कोचिंग पढ़ने जा रहा था तभी गांव के बाहर बस स्टॉप के पास



मृतक अंश फाइल – फोटो

पहुंचा ही था तभी तेज रफ्तार डालें ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर कई मीटर दूर आगे जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।तुरंत आनन फानन परिजनों ने उसे इलाज हेतु अस्पताल ले जा रहे थे तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आक्रोशित परिजनों ने लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर कार्रवाई की मांग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर कर कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक अंश भीमराव इंटर कॉलेज गहलवारा काकोरी का हाई स्कूल का छात्र था। वह रहीमाबाद इलाके के गांव चांदपुर में शुभम मांटेसरी पब्लिक स्कूल में कोचिंग पढ़ता था।मृतक के परिवार में पिता हजारी, माता मनोज कुमारी, भाई प्रिंस, बहन प्रियंका है. जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि परिजनों द्वारा मिली तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से वाहन की तलाश की जा रही है।

## बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने और नगदी चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के बचान खेड़ा निवासी बृजभान सिंह के मुताबिक उनकी पत्नी शिक्षामित्र है और वह बीती 20 नवंबर को परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में गए थे। मंगलवार 25 नवंबर को वापस अपने घर लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला खोलने पर अंदर से कुंडी लगी मिली। अनहोनी की आशंका पर बृजभान ने सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में प्रवेश किया, जहां अंदर कमरों के टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित का कहना है कि अज्ञात चोर घर में रखे सोने के कंगन, सोने का हार, मांग बेंदी, बिंदी, इसके अलावा चांदी की हथफूल पेटी, दो जोड़ी पायल, लगभग 250 ग्राम पुरानी चांदी, दो चांदी की प्लेटें सहित करीब 9 लाख रुपए कीमत के गहने और 1 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी ।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

# घाटे की वजह से नहीं कम हुई बिजली की दर

### कस्टमरों के 18592 करोड़ सरप्लस निकलने से 13% सस्ती हो सकती थी इलेक्ट्रिसिटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लगातार छठे वर्ष बिजली की दरें न बढ़ाकर प्रदेशवासियों को राहत जरूर दी गई है लेकिन विद्युत नियामक आयोग चाहता तो मौजूदा दरों में 13 प्रतिशत की कमी भी कर सकता था। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के टैरिफ में बिजली उपभोक्ताओं के 18,592 करोड़ रुपये सरप्लस को देखते हुए बिजली सस्ती करने की स्थिति बन रही थी लेकिन आयोग ने बिजली कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए बिजली की दरों को न घटाने का निर्णय किया। दरअसल, पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 1,10,933 करोड़ रुपये के एआरआर (वार्षिक राजस्व आवश्यकता) प्रस्ताव में वर्ष 2023झ24 में 4378 करोड़ रुपये और वर्ष 2025झ26 में 19,644 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया था।घाटे की भरपाई के लिए औसतन 28 प्रतिशत बिजली की दरों में बढ़ोतरी प्रस्तावित करते हुए घरेलू दरों को 45 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के प्रस्ताव को यथावत न मानते हुए 1,03,283 करोड़ रुपये एआरआर ही अनुमोदित किया।

### बिजली की दरों में 13 प्रतिशत की हो सकती थी कमी

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि एआरआर में लगभग 7,710 करोड़ रुपये की कमी से ही बिजली की दरों में 13 प्रतिशत की कमी हो सकती थी लेकिन आयोग ने दरों को न घटाते हुए टैरिफ आर्डर में कहा है कि बिजली कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए चालू वित्तीय वर्ष में बिजली की दरों में कमी नहीं की।वर्मा ने बताया कि वास्तव में इस वर्ष 18,592 करोड़ रुपये सरप्लस के साथ ही पहले का 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस है।ऐसे में उन्होंने सरकार से मांग की है कि पावर कारपोरेशन को वित्तीय सहयोग देने की मांग करते हुए कहा कि बिजली की दरों में तत्काल 13 प्रतिशत की कमी लागू की जाए।परिषद अध्यक्ष ने कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा आयोग में प्रस्तुत किए गए गलत आंकड़ों की जांच कराए जाने की भी मांग की है। सरकार से निजीकरण के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कारपोरेशन द्वारा तैयार किए गए निजीकरण संबंधी प्रस्ताव में जानबूझकर आंकड़ों में हेराफेरी की गई है।

## संक्षेप

### एसडीएम की अध्यक्षता में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय सभागार में उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में 75 वा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गयो तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन सभागार में बुधवार को उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह की अध्यक्षता में 75वां संविधान दिवस धूम धाम से मनाया गया 26 जनवरी 1949 को अनौपचारिक रूप से संविधान दिवस के रूप में मनाया गया संविधान के मुख्य अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया गया लोगों को संविधान विषय के विषय में जानकारी दी गईआज भी भारतीय संविधान के अनुसार देश में न्यायपालिका कार्यपालिका विधानसभाएं का कार्य संचालन होता है समय-समय पर संविधान में नियम शर्तों के अनुसार संशोधन भी होते रहते हैं संविधान के अनुसार लोगों को न्याय भी उपलब्ध होता है इस मौके पर कर्मचारी गण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री कार्यालय व राष्ट्रपति सचिवालय को शिकायती पत्र भेजा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मध्य प्रदेश के भोपाल में एक कथित आई ए एस अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली अभद्र टिप्पणी किए जाने पर मानव उत्थान सेवा समिति ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संस्था की अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने इस टिप्पणी को हृभारतीय प्रशासनिक सेवा की नैतिकता, सामाजिक सौहार्द और महिला सम्मान पर सीधा प्रहारहृ बताते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय व राष्ट्रपति सचिवालय को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषी पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई गई है।शिकायती पत्र में कहा गया है कि किसी भी समुदाय की बहन-बेटियों पर टिप्पणी करना नैतिक दिवालियापन, संवेदनहीनता और गिरी हुई मानसिकता को दशार्ता है। आरक्षण जैसे गंभीर विषय पर उदाहरण देने के लिए केवल ब्राह्मण समाज की बेटियों को चुनना व्यक्ति की पक्षपाती और दूषित सोच का प्रमाण है। सार्वजनिक पद पर बैठे अधिकारी का यह व्यवहार अखिल भारतीय सेवा ( आचरण ) नियम 1968 का उल्लंघन है। यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 504 और 509 के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में भी आता है। पत्र में संस्था ने कथित अधिकारी के विरुद्ध उच्च-स्तरीय विभागीय जाँच तुरंत शुरू करने, महिलाओं की गरिमा भंग करने, समुदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करने और वैमनस्य फैलाने पर कानूनी कार्रवाई एवं रिपोर्ट दर्ज करने ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के अंतर्गत सख़्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने , समाज का अपमान करने वाले व्यक्तियों को प्रशासनिक जिम्मेदारी न देने की मांग उठाई है।

# ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड अन्तर्गत भगवंतनगर स्थित आर आर बी एन इंटर कॉलेज के मैदान प्रांगण में बुधवार को परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवंतनगर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय परिषदीय विद्यालयों के खेलकूद की शुरूवात सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से हुई । इसके उपरान्त कार्यक्रम में पहुँचे मुख्य अतिथि योगेश बाजपेई प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख व आशीष शुक्ला चेयरमैन भगवंतनगर का सम्मान माल्यापर्ण व बैच लगाकर किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा खेल भावना को मजबूत करने के लिए सभी बच्चों को सपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम का आयोजन कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा जी द्वारा प्रतियोगिता को पारदर्शी नियमबद्ध तरीके से कराने का निर्देश दिया। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओ की प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 50 मी0 ,100 मी0 व 200 मी0प्रथम रिया प्रा0वि0जालापुर व बालक वर्ग में 50 मी0 दक्ष सिंह कल्याणपुर प्रथम,100 मी0 विवेक बाजपेई खेड़ा,200 मीटर में श्याम जी कल्याणपुर प्रथम, लंबी कूद में मोनिका सुमेरपुर जूनियर स्तर में बॉलीबॉल में बिश्रामऊ की टीम विजेता व बक्सर की टीम उपविजेता रही।100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शिवम बक्सर200 मीटर में प्रिंस सुमेरपुर 400 मीटर में शिवम बक्सर लम्बीकूद में कृष्णा ऊंची कूद में कृष्णा में कृष्णा बक्सर चक्का फेंक में निखिल बक्सर गोलाफेंक में धमन अहिरौरा व बालिका जूनियर वर्ग में 100 मी0 अर्चना 200 मीटर में अर्पिता 400 मीटर में रोहिणी लम्बीकूद व ऊँचीकूद में पायल बक्सर गोला फेंक में अर्पिता बक्सर चक्का फेंक श्रुति सुमेरपुर खो खो व कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर की टीम विजेता रही ।ब्लॉक स्तर में ओवरऑल विजेताउच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर को घोषित किया गया। अंत मे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह ने आये हुए सभी लोगो के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैजनाथ सिंह , कमल किशोर दीक्षित , गिरीश प्रताप सिंह ,दिलीप सिंह ,स्वतंत्र सिंह,बसन्त मिश्रा, दीपक वर्मा,रवि शंकर पांडेय, मनोज कुमार तिवारी, इंशाद अली ,योगेश यादव ,अमित ,शशि शंकर बाजपेई आनंद त्रिपाठी ,सुनील यादव,राम धीरज, कंचन मिश्रा गौरव सिंह अरुणेंद्र सिंह,वंदना दीक्षित,अरुणाभ शुक्ला ,हरिओम सिंह,निशा तोमर,राम धीरज,दिलीप सिंह,रवि शंकर पांडेय,विक्रांत सिंह,चंद्र प्रताप,कंचन मिश्रा अनुराधा सिंह,स्वर्णा पांडे, अंजलि सचान प्रिया तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मामूली से विवाद पर युवक को मारी गोली हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोतीनगर में मंगलवार रात पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक को उसके दोस्त ने गोली मार दी। घायल युवक सचिन विमल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पीताम्बर नगर निवासी सचिन विमल (पुत्र शिव प्रसाद विमल) किसी काम से मोतीनगर क्षेत्र में गया हुआ था। आरोप है कि वहाँ उसका अपने एक परिचित युवक से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने तमंचा निकालकर सचिन पर गोली चला दी। गोली लगने से सचिन लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और हमलावर मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और खून से लथपथ सचिन को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुँचाया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और तत्काल उपचार शुरू किया। अस्पताल प्रशासन ने भी घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक यादव जिला अस्पताल पहुंचे और घायल सचिन से पूछताछ की। सचिन ने सीओ को बताया कि उसके और आरोपी मित्र के बीच काफी समय से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी ने पैसे वापस मांगने पर नाराज होकर उसे गोली मार दी। पुलिस अधिकारियों ने सचिन की हालत का जायजा लिया और परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कराए। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से हर एंगल से जांच कर रही है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ देखा गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब दो घंटे प्रयास के बाद पहचान के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।इस घटना को लेकर लोगो में चर्चाओं का दौर बना हुआ है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव गपचियापुर के निकट खेतो में आम के पेड़ पर बुधवार को दोपहर करीब एक अज्ञात युवक का शव लटकता हुआ देखा गया इस घटना की जानकारी होते ही तमाम ग्रामीणों का हुजूम मौके पर एकत्र हो गया तथा घटना की सूचना पर पहुंची बांगरमऊ पुलिस ने युवक के बारे में जानकारी जुटाने का काफी प्रयास किया किंतु पता नहीं चल सका काफी प्रयास के करीब दो घंटे बाद आधार कार्ड आदि से उसकी पहचान हो पाई तो पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। कोतवाल अनुराग सिंह ने कहा है आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान अंकित कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र दरबारी लाल निवासी मवईबीलबारी थाना तिरवा जनपद कन्नौज के रूप में हुई है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*मृतक मफलर के फंदे से लटका देखा गया उसने सफेद पेंट, सफेद शर्ट, मोजे पहने हुए है तथा पेड़ के नीचे उसके जूते भी पड़े देखे जाने की चर्चा है साथ ही कुछ दूर पर एक बाइक खड़ी है जिसमें गाजियाबाद क्षेत्र के नंबर प्लेट लगी होने की चर्चा बनी रही ।कुछ लोग इस घटना पर संशय जता रहे है ।मृतक यहां किन परिस्थितियों में और कैसे पहुंचा इसपर संशय बना हुआ है।*

# गरिमामय तरीके से मनाया गया संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार को संविधान दिवस गरिमामय तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग में विशेष शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संविधान के प्रति सम्मान, कर्तव्यों के पालन और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी जय प्रकाश सिंह ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई। उन्होंने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के सिद्धांतों को देश की आधारशिला बताया। एसपी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है कि वह इन मूल्यों को अपने कार्यों और व्यवहार में प्रतिबिंबित करे। एसपी सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जिसे आत्मसात करना आवश्यक है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव भी उपस्थित रहे। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को निष्पक्षता, निष्ठा और ईमानदारी से संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया। वहीं, रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में भी संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। यहां प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद ने पुलिस लाइन में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए मौलिक कर्तव्यों के पालन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि वे कानून-व्यवस्था की रीढ़ हैं। शपथ ग्रहण के दौरान पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यों का सजग पालन, मानवाधिकारों की रक्षा और कानून के शासन को सर्वोपरि रखने का वचन दिया। कार्यक्रम में संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें बताया गया कि 26 नवंबर 1949 को देश का संविधान अंगीकृत किया गया था, जो 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ।

# आर एस पब्लिक स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में आज संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधिकारी आकांक्षा अवस्थी उपस्थित रही। न्यायाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर न्यायाधिकारी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया।इस पर 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे।यह दिन संविधान के महत्व और बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के विचारों और आदर्शों को को प्रचारित करने के लिए चुना गया। चूंकि सभा का अंतिम सत्र 26 जनवरी 1950 को आयोजित हुआ था। इसलिए इसी दिन भारतीय संविधान लागू हुआ।उन्होंने बच्चों को संविधान में नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों की जानकारी दी । साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हमारे संविधान में जो भी मौलिक कर्तव्य दिए गए हैं उनका भी सभी नागरिकों को पालन करना चाहिए ।इस अवसर पर बच्चों द्वारा भी संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई गई। अंत में प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के अलावा प्रधानाचार्य संतोष सविता व उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत परिजनो ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। खाद व्यवसायी की बहू की बीती रात तबीयत खराब हो गई जिसे परिजन आनन फानन में सी एचसी लेकर जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सुबह लाने को कहा सुबह जब दोबारा ससुराली जन जांच के लिए लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुत्री पर मारपीट का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को बुझा कर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया । कस्बे के मोहल्ला बेगमगंज निवासी खाद व्यवसायी कल्लू गुप्ता के बड़े पुत्र हिमांशु की शादी 5 वर्ष पूर्व अचलगंज निवासी स्व मुन्ना गुप्ता की पुत्री दीक्षा उम्र27 के साथ हुई थी ।बीती रात दीक्षा की तबीयत खराब हो गई तो उसका पति हिमांशु ,ससुर कल्लू देवर शेखर उसे लेकर सी एच सी पहुंचे जहां पर ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर तपन गुप्ता ने उसका इलाज किया और प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया तथा सुबह दोबारा आकर जाँच करवाने को कहा । बुधवार की सुबह 11 बजे दीक्षा की तबियत दोबारा खराब हो गई जिस पर पति हिमांशू उसे लेकर सी एच सी पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे अस्पताल में ही एक्सरा करने के लिए भेजा इसी दौरान वह बेहोश हो गई जिसके बाद डॉक्टर ने उसका इलाज किया किंतु वह होश में नहीं आई और उसकी अस्पताल में ही मौत हो गई । जिसे लेकर ससुराली जन वापस घर चले आए और मृतका के परिवारी जनों को घटना की जानकारी दी जिस पर आनंन फानन में दीक्षा के मायके के लोग ससुराल पहुंच गये ।इसी बीच दीक्षा की 5 वर्षीय बेटी अदिति ने कह दिया कि बीती रात मम्मी को दादी ने मारा था यह सुनते ही मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा कर मारपीट चालू कर दी ।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझा कर अलग कराया और शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया । कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया मृतका के भाई ने तहरीर दी है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी ।

### विजेता खिलाड़ी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। परिषदीय स्कूलों की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता हिलौली के बचुवा खेड़ा स्टेडियम में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। सभी विजेता खिलाड़ी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की क्रीड़ा प्रतियोगिता हिलौली के बचुआ खेड़ा स्टेडियम में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में लम्बी कूद, दौड़, खो-खो, कबड्डी व पीटी आदि खेल स्पर्धा में बालक व बालिकाओं ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। बालिका कबड्डी वर्ग में विजेता बेहटा व उपविजेता पंसरिया स्कूल के छात्र रहे। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण शुक्ला, अजय सिंह, पुनीत कुमार, खेल शिक्षक लवकेश कुमार, भरत, दिनेश कुमार, रामप्रकाश, विद्याशंकर मिश्रा, रेखा देवी, अनुराग मिश्रा, संतोष कुमार, उदयभान, अनिल शुक्ला, दिवाकर, नीरज कुमारी, पुष्पा देवी, गोवर्धन, दीपक, राजेंद्र कुमार, संकुल शिक्षक आदम अली, श्रीकांत तिवारी, आशीष, अरविंद राव, प्रतीक, सुखजेंद्र, असलम, प्रदीप कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बीईओ सुरेश कुमार व प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने सभी विजेताओं को बधाई संदेश भेजा।

# टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) एवं इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में टीबी से पीड़ित 140 जरूरतमंद मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई ।यह पोटली डी.के. डायग्नोस्टिक ( भारत विजय, राज विजय सिंह ) तथा क्षेत्र के 15 ग्राम प्रधानों के सहयोग से उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन कुमार, एमओटीसी डॉ. रोहित सिंह, एसटीएस एस.के. मिश्रा, एसटीएलएस अवधेश मौर्य तथा डब्ल्यूएचपी के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर विवेक मिश्रा एवं सूर्य प्रकाश एवं डॉट प्रोवाइडर अभय उपस्थित रहे।

पोषण पोटली में संतुलित व पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल है, जो मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

# नीलगाय से टकराकर पलटी कार लगी आग बाल बाल बचे सवार


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। सफीपुर-मियागंज मार्ग पर नई बस्ती मोड़ के पास एक कार नीलगाय से टकराकर खाई में पलट गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि कार में सवार तीनों लोग जलती कार से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। यह घटना देर रात करीब 12 बजे हुई। मियागंज के मोहल्ला बहारबाग निवासी मुख्तार अहमद (30), अपने साथी अमन (25), निवासी मोहल्ला सैयद बाग मियागंज, और मोहसिन, निवासी हैदराबाद, के साथ सफीपुर में एक शादी समारोह से वापस मियागंज लौट रहे थे। नई बस्ती मोड़ के पास अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कार नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से में तुरंत आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए थे, लेकिन आग की लपटें तेज होते देख वे तुरंत कार से बाहर कूद गए, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची। चालक अरविंद कुमार जोशी और कांस्टेबल शब्बीर अहमद ने घायलों को तुरंत मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है और उनका उपचार जारी है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी कार जलकर राख हो गई। हादसे की खबर सुनकर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे, लेकिन आग की भीषण लपटों के कारण वाहन को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पैदल जा रहे वृद्ध को ट्रक ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 75 वर्षीय वृद्ध किसान राम स्वरूप की मौत हो गई। बंदीखेड़ा गांव निवासी राम स्वरूप अपनी बहन के घर जा रहे थे, तभी बिछिया क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, राम स्वरूप रोज की तरह अपने गांव से पंचमखेड़ा स्थित अपनी बहन के घर पैदल जा रहे थे। वह सड़क किनारे सामान्य गति से चल रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वृद्ध सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी सांसें थम गईं। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। अचलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है और उसकी तलाश जारी है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि राम स्वरूप जीवन भर खेती-किसानी करते रहे। अधिक उम्र के बावजूद वे मेहनती स्वभाव के थे और खेतों तथा घरेलू कार्यों में सक्रिय रहते थे। वे अक्सर अपनी बहन से मिलने पैदल ही जाया करते थे। बुधवार सुबह भी वे इसी तरह घर से निकले थे। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पंचनामा पूरा कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना से पूरे बंदीखेड़ा गांव में शोक का माहौल है।

### बौंडी कस्बे में रैली निकाल थानाध्यक्ष टीएन मौर्या ने दी यातायात की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंगलवार को बौंडी कस्बे में यातायात माह अभियान के तहत बौंडी थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ मौर्या के नेतृत्व में जागरुकता रैली निकाली गई। थानाध्यक्ष ने लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने व सभी कागजात साथ रखने की अपील की। इस मौके पर एसएसआई धर्म प्रकाश सिंह, एसआई रोहित कुमार, राकेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रवि सिंह, विनोद कुमार, मुन्नी लाल, कांस्टेबल सूर्य प्रताप सिंह, महिला कांस्टेबल राधा वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



मौरावा, उन्नाव। बनखंडी देवी मोड परतेज रफ्तार का कहरग्राम रोशनगंज अंकित पुत्र विजय शंकर मौरावासे अपने घर जा रहा था बनखंडी मोड पर महिंद्रा पिकअप कबाड़ लदा हुआ जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया लोगों ने बताया कि या घटना लगभग ढाई बजे की है माता राजकुमारी का रो-रो कर बुरा हाल है गांव वालों ने ब्रेकर बनवाने की मांग की है अक्सर दुर्घटनाएं वानखंडी मोड पर होती रहती हैं लोगों ने बताया कि ब्रेकर ना होने की वजह से लोगतेज गति गाडीचलाते उसी का नतीजा है अभी कुछ दिन पहले बुद्धि लाल रामकली बस से एक्सीडेंट हुआ था अंकित के घर वालों ने रोड पर जाम लगा दिया मांग करने लगे किसी अधिकारी को बुलाए तभी क्षेत्राधिकारी पुरवा थाना अध्यक्ष अमरनाथ यादव अशोहा थाना अध्यक्ष समझाने की कोशिश की घरवालों का गांव वालों कीमांग थी महिंद्रा पिकअप पकड़ने की और ब्रेकर बनवाने की लोगों का आरोप था अक्सर ब्रेकर ना होने के कारण एक्सीडेंट होते रहते हैं मगर अधिकारी कुंभ करनीनींद सो रहे हैं लगातार एक्सीडेंट होने के कारण ग्राम वासियों का क्रोध शांत करने के लिए क्षेत्राधिकारी को मशक्कत करनी पड़ी क्षेत्राधिकारीपुरवा घर वालों से वादा किया की महिंद्रा पिकअप जल्द से जल्द पकड़ने और आप लोगों को आर्थिक सहायता जो भी होगी एसडीएम से बात कर के दिलाएंगे मौरावा थाना अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की सूझबूझ से जम हटा।

# प्राइवेट कंपनी में इंटरव्यू देने आए युवक की सड़क हादसे में मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुद्धवार की दोपहर लखनऊ कानपुर नेशनल हाइवे पर एक प्राइवेट कम्पनी में इंटरव्यू देने आये युवक की रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई , सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमोर्टम के लिए भेजा, जनपद सीतापुर थाना लहरपुर निवासी (28) ब्रजेश कुमार पुत्र सियाराम बुद्धवार को रसूलपुर की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी का इंटरव्यू देना आया था और किसी काम से वह रोड पार कर रहा था तभी लखनऊ से तेज रफ़्तार में आ रहे किसी अज्ञात वाहन नें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई, सोहरामऊ इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला नें बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर नहीं मिली है मिलने पर कार्यवाही कि जाएगी।

### गंगा नदी में डूबे युवक का पांच दिन बाद मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में गंगा नदी में डूबे 40 वर्षीय लवकुश का शव पांच दिन बाद मिला है। 21 नवंबर को नानामऊ घाट पर एक शव यात्रा में शामिल होने के बाद लवकुश नदी में नहाने उतरे थे, जिसके बाद वे लापता हो गए थे। उनका शव बुधवार को जाजमऊ गैर अहत माली गांव के सामने नदी में उतराता हुआ पाया गया ।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के झरतेरा गांव निवासी लवकुश 21 नवंबर को बांगरमऊ के नानामऊ घाट पर गए थे। दोपहर करीब 2 बजे उन्हें आखिरी बार देखा गया था, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। उनके बेटे हैप्पी ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी ।लवकुश की तलाश में बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने तीन दिनों तक स्टीमर की मदद से खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय विधायक श्रीकांत कटियार से मदद की गुहार लगाई। विधायक के हस्तक्षेप के बाद रऊफत्रः की टीम को भी तलाशी अभियान में लगाया गया ।रऊफत्रः और पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद पांचवें दिन लवकुश का शव घटना स्थल से लगभग 8 किलोमीटर आगे जाजमऊ गैर अहत माली गांव के सामने मिला। शव मिलने की सूचना पर फतेहपुर चौरासी थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। बुधवार दोपहर तीन बजे शव की शिनाख्त कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लवकुश के निधन से उनके बेटे हैप्पी और मां गहरे सदमे में हैं। परिजनों में शोक का माहौल है।

## सम्पादकीय

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुई। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।



जन्म शताब्दी वर्ष


अजय कुमार श्रॉफ

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

**श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।**

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने ' सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज़्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।



आचार्य दीप चन्द भारद्वाज

# सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।

औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का।

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम




संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

# गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित

प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मजबूत साझेदारी जरूरी है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागजों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है?



## ऑफ बीट

### क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं?

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे



## संक्षेप

### किराना व्यापारी का हत्यारा गिरफ्तार

**सिगरेट खरीदने को लेकर विवाद में की थी हत्या, क्राइम ब्रांच और पुलिस ने पकड़ा**

सुलतानपुर, कादीपुर में किराना व्यवसायी राकेश कुमार गुप्ता हत्याकांड का खुलासा हो गया है। क्राइम ब्रांच और कादीपुर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि 19 नवंबर को वह मृतक राकेश कुमार गुप्ता की दुकान पर सिगरेट खरीदने गया था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद से नाराज होकर आरोपी वहां से चला गया, लेकिन रात में वापस आया। उसने दुकान के सामने सो रहे राकेश कुमार गुप्ता को हरे बांस के डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। आरोपी की पहचान कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो चंदेलपुर गांव निवासी संदीप निषाद उर्फ मोटू निषाद के रूप में हुई है।

### कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की

**सुल्तानपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की अपील**

सुलतानपुर, कांग्रेस नेताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रशासन को सौंपा, जिसमें इस प्रक्रिया को सरल और निष्पक्ष बनाने की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने एस.आई.आर. प्रक्रिया की जटिलता और पक्षपातपूर्ण प्रकृति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में कहा गया है कि देश भर में राज्य चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही यह प्रक्रिया अनावश्यक रूप से जटिल और पक्षपातपूर्ण है। ज्ञापन के अनुसार, आम जनता में यह धारणा बन रही है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से वोट चोरी और सरकार चोरी की जा रही है, जिससे लोकतंत्र पर से विश्वास उठ रहा है।

# जनपद के 13 चौम्पियन बीएलओ डीएम के हाथों हुए सम्मानित

## बेस्ट बीएलओ एसआईआर-2026 से सम्मानित हुए बीएलओ

**प्रशस्ति-पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. कार्यक्रम के दौरान पूर्ण लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए निर्धारित तिथि 04 दिसम्बर से पूर्व मतदाताओं से शत-प्रतिशत प्रपत्र भरवाकर उनके डिजिटाईजेश्न की कार्यवाही पूरी करने वाले बूथ लेबिल अधिकारियों के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ जनपद के 13 चौम्पियन बी.एल.ओ. को बेस्ट बी.एल.ओ. एस.आई.आर.-2026 हेतु प्रशस्ति-पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा सम्मानित होने वाले सभी बीएलओ को यादगार के तौर पर समारोह की एक फोटोग्राफ भी भेंट की जायेगी। सम्मान समारोह में डीएम श्री त्रिपाठी ने एडीएम के साथ विधानसभा क्षेत्र-283 नानपारा अन्तर्गत भाग सं. 211 के बीएलओ सहायक अध्यापक नीरज कुमार व भाग सं. 47 के बी.एल.ओ. रोजगार सेवक आनन्द कुमार, विधानसभा क्षेत्र-284 मटेरा अन्तर्गत भाग सं. 70 प्रा.वि. मदारागढ़ी (क.स.-1) के बीएलओ सहायक अध्यापक आदर्श कुमार गौतम व भाग सं. 335 बौण्डी फतेउल्लाहपुर की बीएलओ ग्राम रोजगार सेवक श्रीमती प्रतिभा सिंह, विधानसभा क्षेत्र-285 महसी अन्तर्गत भाग सं. 136 प्रा.वि. चंदपईया के बीएलओ रोजगार सेवक मुबारक अली व भाग सं. 145 प्रा.वि. बहोरिकपुर के बीएलओ रोजगार सेवक नीरज तिवारी, विधानसभा क्षेत्र-286 बहराइच अन्तर्गत भाग सं. 318 उ.प्रा.वि. पहड़वा के बीएलओ शिक्षा मित्र राम निवास मिश्र, भाग सं. 346 गौरिया के बीएलओ शिक्षा मित्र राम शरण मौर्य व भाग सं. 366 के बीएलओ शिक्षा मित्र पंकज कुमार मिश्र, विधानसभा क्षेत्र-287 पयागपुर अन्तर्गत भाग सं. 302 प्रा.वि. बसन्तपुर (क.स.-2) की बीएलओ शिक्षा मित्र पल्लवी सिंह व भाग सं. 178 प्रा.वि. रंजीत नगर दा. मनिकापुरकला (क.स.-1) के बीएलओ अनुदेशक पंकज कुमार तिवारी, विधानसभा क्षेत्र-288 कैसरगंज अन्तर्गत भाग सं. 217 उच्च प्राथमिक विद्यालय दनावल की बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती उमा देवी व भाग सं. 181 नगर पंचायत कार्यालय कैसरगंज की बीएलओ शिक्षा मित्र श्रीमती रीता वर्मा को प्रशस्ति-पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा मिष्ठान भी खिलाया। सम्मान समारोह में मौजूद बूथ लेबिल अधिकारियों से डीएम ने एक-एक कर सभी बूथ लेबिल अधिकारियों से उनके अनुभवों तथा कार्यशैली के बारे में जानकारी ली तथा यह भी पूछा कि कार्य को लेकर आप लोगों पर किसी प्रकार दबाव तो नहीं था। बीएलओ द्वारा बताया कि प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजीटाइजेश्न कार्य में मतदाताओं के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। बीएलओ ने यह भी बताया कि कार्य को लेकर उनके ऊपर किसी प्रकार का दबाव नहीं था। निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए स्वप्रेरणा से कार्य को सम्पन्न किया गया है। डीएम ने सभी चौम्पियन बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दूसरे बीएलओ के साथ अपने अनुभवों को साझा करें तथा उन्हें भी सहयोग प्रदान करें। डीएम ने यह भी सुझाव दिया कि अनमैपिंग मतदाताओं की संख्या कम से कम होनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# श्री कृपाराम जनजागृति हाई स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत अगैय्या चौराहा पर स्थित श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल में विद्यालय की उप प्राचार्य बिसमा सैयद की देखरेख में संविधान दिवस पर विशेष आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय में सर्वप्रथम बच्चों को भारत के संविधान दिवस के बारे में जानकारी दी गई और विद्यालय के छात्र सांसद अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि हमारे देश का संविधान 26 नवंबर 1946 में बन कर तैयार हुआ और लागू26.जनवरी 1947 को हुआ।जो विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। इस अवसर पर सभी बच्चों व अध्यापकों को संविधान की शपथ दिलाई गई और इसका पालन करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया कक्षा 9 की लड़कियों ने संविधान का विभिन्न माडल प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य कृपा राम गुप्ता ने बच्चों को इस माडल प्रस्तुतिकरण के लिए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक राम निवास यादव, राजेन्द्र गिरी, शाहिना परवीन ने संविधान पर चर्चा किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थी अभिभावक उपस्थित रहे।



# सरस्वती विद्या मंदिर रूपईडीहा में मातृ देवो भव कार्यक्रम सम्पन

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। सरस्वती विद्या मंदिर रूपईडीहा में मातृ देवो भव विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं, जबकि समाज सेविका डॉ. अभिलाषा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्वेता चंदेल ने की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा बसंत गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं, जिनके माध्यम से मातृ शक्ति, नारी गरिमा, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का सशक्त संदेश दिया गया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का विषय नारी शक्ति में सप्त शक्ति का प्रकटीकरण – भारत के विकास में महिलाओं के योगदान का स्मरण एवं मातृ देवो भव की संकल्पना रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के निर्माण और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और मातृ सम्मान से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक व चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, प्रधानाचार्य अनुज सिंह, बृजनरेश श्रीवास्तव, अजय मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजिकाएँ लक्ष्मी गुप्ता एवं रीना सिंह ने किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 460 गरीब कन्याओं का विवाह

**जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधू को दिया आशीर्वाद**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा




बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत रामलीला मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 460 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 61 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 399 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकासखण्डों व नगरीय निकायों के अंतर्गत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह बलहा विधायक सरोज सोनकर, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड़, ब्लाक प्रमुख तेजवापुर रमाकर पाण्डेय तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में वर-वधू के रिश्तेदार व ईष्टमित्र मौजूद रहे। वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी श्री सिंह ने सभी मंचासीन अतिथियों, वर-बधु तथा साथ आये अभिभावकों, विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था के साथ ही विवाह के लिए प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है तथा प्रदेश की एक लाख गरीब कन्याओं का विवाह कराने के लिए जनपदो के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं को सम्मान देने पर बल दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड़, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सामूहिक विवाह जैसी योजना की पहल के लिए प्रदेश सरकार विशेषकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया। सामूहिक विवाह के अवसर पर राम लीला मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी पण्डाल लगाकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। समारोह के दौरान लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा अधिकारियों द्वारा नव विवाहित दम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

# गिरजापुरी में सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से गिरिजापुरी में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष संविधान दिवस की थीम ₹हमारा संविधान - हमारा सम्मान₹ रही, जिसके तहत कार्यक्रम में संविधान की भावना, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वप्रथम संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वन जन श्रमजीवी यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्नी लाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है, जो न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर देश की नींव रखता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों और वनवासियों में संवैधानिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता शंकर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह हमारे समाज को दिशा देने वाला जीवंत मार्गदर्शक है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और आम नागरिकों ने भी अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ताओं में विपिन कुमार, वेदप्रकाश, खुशी राम, वीरपाल, सुरेंद्र, दीनानाथ, राम समुझ मौर्य, राम जनम और मीरा देवी शामिल रहे। सभी ने संविधान में निहित अधिकारों और दायित्वों पर चर्चा की तथा इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने किया, जिन्होंने संविधान को जनजीवन से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझेंगे, तभी सच्चे अर्थों में लोकतंत्र सशक्त होगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय की भावना के साथ किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अपराध निरोधक समिति के तत्वाधान में निकली भव्य यातायात जागरूकता रैली

## पाँच सौ से अधिक विद्यार्थियों सहित सीओ नानपारा व रूपईडीहा पुलिस ने किया सहभाग

**पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भईया एवं थाना प्रभारी रूपईडीहा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना**

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर




रुपईडीहा, बहराईच। यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति शाखा रुपईडीहा द्वारा बुद्धवार को एक विशाल यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ श्री राम जानकी इण्टर कॉलेज परिसर से हुआ, जहाँ रामजानकी संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व प्रमुख डॉ हरीश चंद्र उर्फ बंटू भैया एवं थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में श्री राम जानकी इण्टर कॉलेज, आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स कॉलेज व एनसीसी कैडेट सहित लगभग पाँच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थी सड़क सुरक्षा झ जीवन रक्षा, यातायात नियम का पालन करें, सुरक्षित सड़क, सुरक्षित जीवन जैसे प्रभावी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे और राहगीरों को जागरूक करने हेतु पंपलेट भी वितरित किए। डॉ यशपाल ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन से हमारी सुरक्षा है, नियम तोड़ना अपराध है । रैली में उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति रुपईडीहा के पदाधिकारी गण, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न कुमार सिंह तथा रूपैडिहा कोतवाल रमेश सिंह रावत अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने पूरे रास्ते रैली व्यवस्था संभालते हुए सहयोग प्रदान किया। रैली पूरे कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसका संचालन शेर सिंह कसौधन, केशव कुमार मौर्य और इरशाद हुसैन की देखरेख में किया गया। विद्यार्थियों की अनुशासित भागीदारी और अधिकारियों का सक्रिय सहयोग रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा। स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत किया। सभी बच्चों को जलपान कराया और यातायात नियमों के पालन को लेकर अपराध निरोधक समिति रूपैडिहा के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर एन सी सी अध्यापक चन्दन गुप्ता, विवेक तिवारी, संजय कुमार वर्मा, महबूब अहमद, राजीव अग्रवाल, राजेश मसीह, रमेश मिश्रा, केशरी प्रसाद सोनी, अल्तमस मेकरानी, रामशंकर शुक्ला मिठाई लाल जायसवाल सहित रूपईडीहा के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तहसील सभागार कैसरगंज में मनाया गया संविधान दिवस



**संविधान का आदर सर्वोपरिः उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील सभागार में बुधवार के दिन 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तान का संविधान हम सभी के लिए सर्वोपरि है। इसकी ईमानदारी निष्ठा के साथ रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने तहसील के समस्त कर्मचारी की मौजूदगी में सभी को भारत के संविधान के प्रति शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के मौके पर तहसीलदार मीना गौड़ नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव नायब तहसीलदार फखरपुर सुरेंद्र वर्मा एवं तहसील कैसरगंज के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजकीय हाईस्कूल में आयोजित हुआ खेल-कूद प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राजकीय हाईस्कूल टेण्डवा सिस्टीपुर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिता, कैरियर गाइडेंस मेला व वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पहले दिन प्रधानाचार्य बच्छराज ने खेल-कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम फीता काट शुभारंभ किया। खेलकूद कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी , 200 मीटर दौड़ बालक/बालिका वर्ग , 1000 मीटर दौड़ बालिका/बालक वर्ग, क्रिकेट, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकसी , डिस्कस, भाला फेक, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन बालक/ बालिका वर्ग के अंतर्गत कराया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 27 नवंबर को कैरियर गाइडेंस मेला व 28 नवंबर को वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। इस अवसर मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, शिव कुमार, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र कुमार तिवारी व



# कैसरगंज में अज्ञात बदमाशों ने महिला को कनपटी पर गोली मारी, मौके पर मौत

**थाने से महज 500 मीटर दूर हुई वारदात**



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत डिहवा खास में बुधवार को एक भयावह वारदात हुई। अज्ञात बदमाशों ने गुड़िया पत्नी राजू जख्मी पर कनपटी में गोली चला दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारकर बदमाश मौके से फरार हो गए। यह घटना थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पुलिस तुरंत पहुंची और क्षेत्र को घेर लिया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। मृतक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इलाके में लोगों में डर का माहौल है और पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।

# फसल को कीट रोगों से बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखें किसानः प्रिया नंदा

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। तापमान में उतार चढ़ाव के कारण होने वाले कीट-रोग के प्रकोप की संभवना को दृष्टिगत रखते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानंदा द्वारा कीट-रोगो के नियंन्त्रण एवं बचाव हेतु निम्नवत सुझाव एवं संस्तुतियां की जा रही है। जिन्हें अपनाकर किसान भाईयों द्वारा फसल में होने वाली क्षति को रोका जा सकता है।धान्य फसलें (गेंहू, मक्का)बीज शोधन- अनावृत कंडुआ और करनाल बंट के नियंत्रण हेतु बुवाई से पूर्व कार्बेन्डाजिम 50 प्रति०डब्लू०पी० या कार्बोक्सिन 75 प्रति०डब्लूपी० की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति किग्रा बीज की दर से बीज शोधन करें।भूमि शोधन - भूमिजनित रोगों के बचाव हेतु ट्राईकोडर्मा 2.5 किग्रा0/हे० की दर से 60-75 किग्रा गोबर की खाद में मिलाकर अंतिम जुताई के समय खेत में मिलाएं। दीमक / गुजिया नियंत्रण इसके लिए ब्युवेरिया बेसिआना 1.15 प्रति०की 2.5 किग्रा० मात्रा प्रति०हे० की दर से गोबर की खाद में मिलाकर भूमि शोधन करें। खड़ी फसल में क्लोरपाईरीफास 20 प्रति०ई०सी० 2.5 ली० मात्रा प्रति०हे० सिंचाई के पानी के साथ प्रयोग करें।खरपतवार निनयंत्रण- संकरी पत्ती वाले (गेहुसा, जंगली जई) के लिए सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रति०डब्लू०जी० या क्लोडिनाफास प्रोपेर्जिल 15 प्रति०डब्लू०पी० तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के लिए मेटसल्फ्यूरान मिथाइल 20 प्रति० डब्लू०पी० या कारफेंट्राजॉन इथाइल 40 प्रति० डी०एफ० का बुवाई के 20-25 दिन बाद छिड़काव करें।तना बेधक 10 प्रति० मृत गोभ (आर्थिक क्षति स्तर) दिखने पर डाईमिथोएट 30 प्रति०ई०सी० की 660 मिली०/हे० या नोवालुरोन 05.25 प्रति०+ इमामेक्टिन बेन्जोएट 0.9 प्रति० ई०सी० की 1.5 ली०/हे० की दर से छिड़वाव करें।फॉल आर्मी वर्ग- 20-25 पक्षीय आश्रय (वर्ड पर्चर) और 3-4 प्रकाश प्रपंच स्थापित करें। 35-40 फेरोमोन ट्रेप प्रति० हे० लगाकर भी प्रबंधन किया जा सकता है। रासायनिक नियंत्रण हेतु ब्रोफ्लोनिलाइड 20 प्रति०एस०सी० की 125 मिली०/हे० या क्लोरेनट्रानिलीप्रोल 47.85 प्रति एस०सी० की 75 मिली०/हे० प्रयोग करें। तिलहन (राई/सरसों)बीज जनित रोग 2.5 ग्राम थिरम 75 प्रति० किग्रा० बीज की दर से उपचारित करके बोयें। मेटालेक्सिल 2.0 ग्राम प्रति किग्रा० बीज से उपचारित करने पर सफेद गेरूई और तुलासिता रोग की प्रारम्भिक रोकथाम होती है।आरा मक्खी - डाईमिथोएट 30 प्रति०ई०सी० 650 मिली०/हे० अथवा क्यूनालफास 25 प्रति०ई०सी०की 1.2 ली०/हे०की दर से छिड़काव करें। दलहन (चना /मटर/मसूर)बीज जनित रोग- बुवाई से पूर्व ट्राईकोडर्मा (4 ग्राम/किग्रा० बीज) या रासायनिक बीज शोधन हेतु थिरम 75 प्रति0 (2ग्राम) एवं कार्बेन्डाजिम 50 प्रति० (1 ग्राम) के मिश्रण की 3 ग्राम प्रति० किग्रा बीज की दर से शोधित करें।कटुआ कीट कटवर्म मेटारेजियम एनिसोप्ली 2.5 किगा/हे० का सांयकाल छिड़काव करें। रासायनिक नियंत्रण हेतु क्लोरपाईरीफास 20 प्रति०ई०सी 2.5 ली०/ हे०का छिड़काव करें।पत्ती सुरंगक कीट- डाईमिथोएट 30 प्रति०ई०सी०की 650 मिली०/ हे० का छिड़काव करें या कार्बोफ्यूरान 3 प्रति०सी०जी० 66 किग्रा / हे०का बुरकाव करें। मटर की तना मक्खी लेम्बडा साईहेलोथ्रिन 04.90 प्रति सी०एस० की 300 मिली०/ हे०का छिड़काव करें।आलू और गन्ना आलू-ब्लैक स्कर्फ रोग से बचाव हेतु पेनफ्लूफेन 22.43 प्रति० एफ०एस० (83 मिली/100 ली० पानी में 800 किग्रा० बीज) या थाईफ्लूजामाइड 24 प्रति० एस०सी० (2.5 मिली/10 किग्रा०/ बीज) से बीज शोधन कर बुवाई करें। गन्ना लाल सड़न रोग प्रतिरोधी किस्मों का प्रयोग करें और रोगग्रस्त फसल की रेटूनिंग न करें। रासायनिक नियंत्रण हेतु एजोक्सीस्ट्रोबिन 18.2+डाईफेनोकोनाजोल 11.4 प्रति० एस०सी० की 1 मिली० मात्रा प्रति०ली० की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

दीमक (गन्ना/आलू) ब्यूवेरिया बेसिआना 2.5 किग्रा मात्रा को 60-75 किग्रा गोबर की खाद में मिलाकर अंतिम जुताई के समय खेत में मिलाएं। नीम की खली 10 कुंतल हे० की दर से बुवाई से पूर्व मिलाने से भी दीमक का प्रकोप कम होता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानंद ने यह भी बताया कि किसान भाई किसी भी समस्या के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय बहराइच व अपने क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र से भी संपर्क कर सकते हैं।

# पारले चीनी मिल में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम

**अधिकारियों ने कई ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लगाए रिफ्लेक्टर, किसानों को दिए सुरक्षा निर्देश**

अमन लेखनी समाचार




फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पारले चीनी मिल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सी ओ कैसरगंज रवि खोखर, सी ओ यातायात पवन कुमार त्यागी, थाना अध्यक्ष फखरपुर संजय चौहान, चौकी इंचार्ज कुंडासर गुलाब सिंह, तथा चीनी मिल प्रबंधक मौजूद रहे।अधिकारियों ने किसानों और स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से किसानों को ट्रैक्टरझट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य बताया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद कई ट्रैक्टरझट्रॉलियों में स्वयं रिफ्लेक्टर लगवाए, ताकि किसानों को इसका व्यावहारिक महत्व समझाया जा सके। सी ओ ने कहा कि रात में बिना रिफ्लेक्टर वाली ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती हैं, इसलिए सभी किसान रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं।ओवरलोडिंग न करने, तेज रफ्तार से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर भी जागरूक किया।चीनी मिल प्रबंधन ने कहा कि क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, मिल कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कैब ड्राइवर पर धारदार हथियार से हमला

**गाड़ी में बैठी सवारी ने पीछे से 5 बार चाकू मारा, मौके से फरार**

गाजियाबाद , नंदग्राम थाना क्षेत्र में दनदहाड़े एक कैब ड्राइवर पर सवारी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी ने ड्राइवर सुरेंद्र पर पांच बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुरेंद्र को तत्काल एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। नंदग्राम के एसएचओ ने बताया कि सुरेंद्र ( 32 ) दिल्ली के सीलमपुर का निवासी है और कैब चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। सोमवार को वह सीलमपुर से एक सवारी को पानीपत ले गया था। वापसी के दौरान, जब वह राजनगर एक्सटेंशन की ओर जा रहा था, तभी उसके पीछे बैठी सवारी ने अचानक चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की जांच कर रही पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह हमला किराए को लेकर हुए विवाद का परिणाम हो सकता है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एसएचओ नंदग्राम ने बताया कि सुरेंद्र की हालत अभी स्थिर नहीं है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस का कहना है कि सुरेंद्र के होश में आने के बाद ही हमले की वास्तविक वजह का पता चल पाएगा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेकाबू थार कई वाहनों से टकराई

**4 घायल, स्नैप ले रहा था चालक, पुलिस ने हिरासत में लिया**

मेरठ, रुड़की रोड पर एक तेज रफ्तार थार कार अनियंत्रित होकर तीन वाहनों से भिड़ गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। हादसे के समय थार चालक स्नैपचैट पर वीडियो/स्नैप बना रहा था। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। काले रंग की थार रुड़की रोड की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक स्नैपचैट के जरिए अपने दोस्तों को स्नैप भेज रहा था। तेज गति और लापरवाही के चलते कार का नियंत्रण बिगड़ गया और उसने पहले एक क्रेटा कार को, फिर एक ऑटो को टक्कर मारी। इसके बाद थार जोरदार झटके से पलट गई। हादसे में चार लोग घायल हुए, जिन्हें राहगीरों की मदद से तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और पुलिस को खबर दी। लालकुर्ती थाना प्रभारी हरविंदर जादौन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। हालांकि दुर्घटना सदर बाजार थाना क्षेत्र में हुई थी, इसलिए मामले की जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को दे दी गई। पुलिस ने थार चालक को हिरासत में लिया और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। कुछ राहगीरों ने आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में था

# कृत संकल्पित सरकार लाभार्थी तक पहुंचा रही योजनाएं - राजेंद्र सिंह पटेल

**117 दिव्यांग बच्चों को प्रदान किए गए ट्राई साइकिल व उपकरण**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड प्रांगण अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निर्माण कंपनी एलएमको के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल जिला समन्वयक अधिकारी अरुण कुमार मिश्र आदि का कार्यक्रम के कर्णधार खंड शिक्षा अधिकारी अमौली श्रवण कुमार पाल व खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे आदि ने बैच अलंकरण माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा कुशल संचालन बहुचर्चित शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया एलएमको कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद के मलवा खजुआ देवमई तथा अमौली विकासखंड समेत चारों विकास खण्डों के शिक्षण संस्थानों पर शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल हियरिंग मशीन तथा विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए मिली जानकारी के अनुसार कल 117 दिव्यांग बच्चों ने उपकरण प्राप्त किया जहां उपकरण प्राप्त करते ही छात्र अंकुर सत्यम सारिका प्रांशू मयंक समेत सभी सैकड़ो बच्चों के चेहरे में खुशी की झलक दिखाई दी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा जिला समन्वक अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने अनेक जानकारियां दी वही पहुंचे मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक द्वारा मंच के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही मुहिम मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने तथा उनके कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी गई जहानाबाद विधायक ने अपने संबोधन में कहा की वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किए गए वादे संकल्प पूर्ण रूप से साकार किए जाएंगे ऐसे कार्यों के लिए सरकार कृत संकल्पित है विगत कुछ दिनों पहले ही विकासखंड स्तर पर लगने वाले लगभग 154 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मेले के विकास कार्य हेतु एक करोड़ रुपए की धनराशि सरकार द्वारा प्रस्तावित कराई गई जहानाबाद विधायक ने बताया कि आगामी 4 नवंबर से मेला प्रारंभ है समय नजदीक है इस कारण कार्य होने पर व्यवधान होगा मेला समापन होने के पश्चात यह कार्य प्रगति पथ पर अग्रसर हो जाएगा यह सुनते ही संचालक उमेश कुमार त्रिवेदी समेत अन्य दर्जनों कस्बा नागरिक व समाजसेवियों ने जय श्री राम का जय घोष करते हुए जहानाबाद विधायक का आभार व्यक्त किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम रणधीर सिंह डॉ राम भक्त वर्मा डॉक्टर अवनीश कुमार राजकुमार राम मूरत अजीत कुमार निगम आशीष सचान माधवी सिंह सुभा मिश्रा सौरभ उमराव पप्पू प्रधान श्रीकांत उत्तम सुरेश यादव सुरेंद्र उमराव समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय समाजसेवी नागरिक तथा दिव्यांग बच्चों समेत भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे

# हुसैनगंज की शालिनी त्रिपाठी तथा अमौली के सर्वेश अवस्थी हुए चयनित

**असोथर खंडशिक्षा अधिकारी की अगुवाई में बीआरसी अंतर्गत संपन्न हुआ कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में चल रहे नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम को लेकर संपूर्ण जनपद में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट नॉलेज शेयरिंग के लिए दो शिक्षक नामित किए गए हुसैनगंज के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की अध्यापिका शालिनी त्रिपाठी तथा अमौली विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी को नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने हेतु सभी विकास खण्डों की बागडोर सौंपी गई कल जनपद के असोथर विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी गौरव कुमार मिश्र की अगुवाई में संविधान दिवस मनाया गया कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी द्वारा नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया प्रांगण अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी तथा अध्यापिका शालिनी त्रिपाठी को हार्दिक शुभकामनाएं दी वही कार्यक्रम अंतर्गत समूचे विकासखंड के अन्य शिक्षकों को भी स्वप्रेरित होकर खंड शिक्षा अधिकारी ने नॉलेज शेयरिंग करने तथा अपने विद्यालयों में प्रभावशाली व सकारात्मक बदलाव करने हेतु प्रेरित किया

# विवाह वाले दिन दूल्हे का हुआ अंतिम संस्कार

**बेटी को लगी रह गई मेहंदी सूना हो गया मंडप**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। खजुहा कस्बे में अपने घर के अंदर आत्महत्या कर जान देने वाले लेखपाल सुधीर कुमार की शादी कल बुधवार को होनी थी। बारात कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के सीतापुर गांव जानी थी। जहां रघुनंदन की पुत्री काजल को दुल्हन बनना था लेकिन दुर्भाग्य ने करवट ली मंडप में आने के पहले ही लेखपाल सुधीर मौत के आगोश में समा गया।मौत हो जाने के कारण बुधवार की शाम को बारात सीतापुर गांव नहीं पहुंची जिससे पूरे गांव में सन्नाटा छाया रहा। मंडप सूना रह गया। इस मामले में काजल की मां पुष्पा देवी ने रोते हुए बताया कि शादी की पूरी तैयारी हो गई थी बकेवर के एक गेस्ट हाउस से शादी होना था लेकिन एक दिन पहले दूल्हे सुधीर द्वारा आत्महत्या कर लेने के कारण शादी नहीं हो पाई है। उनका भारी नुकसान हुआ है दहेज का सामान खरीद लिया गया था गेस्ट हाउस बुक था इसके अलावा अन्य खाने पीने की सभी सामग्री खरीदी जा चुकी थी। उन्होंने न्याय दिलाए जाने की मांग किया जिससे उनके परिजनों को न्याय मिले। वही वर पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की मांग की मृतक की पीड़िता बहन अमृता की तहरीर पर बिंदकी कोतवाली थाना प्रभारी हेमंत कुमार मिश्र ने राजस्व निरीक्षक शिवराम समेत एक अज्ञात व्यक्ति के ऊपर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच प्रारंभ की

# भारतीय बहुजन समाज संघ द्वारा मनाया गया सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जहानाबाद कस्बे में भारतीय बहुजन समाज संघ द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक जनजागरूकता एवं भाईचारा बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के मोहल्ला दारागंज में भारतीय बहुजन समाज संघ द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक जनजागरूकता एवं भाईचारा बढ़ाने के लिए सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.आर.ए. दिवाकर की गई। इस मौके पर संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर समेत महापुरुषों के विचार, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला गया। आयोजकों के अनुसार संविधान दिवस का यह आयोजन रउ, रळ, डइउ एवं अल्पसंख्यक वर्गों में संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में सामाजिक समानता, शिक्षा, अधिकार संरक्षण और समाज में बंधुता को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकताओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि संविधान के मूल सिद्धांत–समता, न्याय व बंधुता–को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख पदाधिकारीएम.जे. दिवाकर, जे.पी. दिवाकर, सभासद विष्णु, नन्हीलाल, सोनू, अजीत, नागेंद्र, राकेश, रामकुमार, अजय, सोनू गौतम सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आया मजदूर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के गाँव चिल्ली में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 52 वर्षीय मजदूर की रोटावेटर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव निवासी इन्द्रेश उत्तम अपने खेत की जुताई ट्रैक्टर से रोटावेटर के माध्यम से कर रहा था। उसी दौरान गाँव के ही 55 वर्षीय मजदूर कल्लू उर्फ कामता ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर हल की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। दिवंगत की पत्नी ममता देवी, दो जुड़वां पुत्र रोहित-मोहित ( 20 ) तथा पुत्री मनीषा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दो बड़ी पुत्रियाँ विनीता और अनीता की शादी हो चुकी है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने पुत्री मनीषा की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु फतेहपुर मचुर्री हाउस भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# बंद बस प्रारंभ नहीं हुई तो होगा आंदोलन -- लवकुश कुमारमिश्र

**सीएनजी व इलेक्ट्रिक बसों के बंद होने पर पूर्व शिक्षक विधायक ने जताया आक्रोश**

**जहानाबाद कानपुर सीएनजी व इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद होने से यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें**

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के जहानाबाद कस्बे में परिवहन विभाग द्वारा जहानाबाद कस्बे से कानपुर के लिए संचालित सीएनजी व इलेक्ट्रिक रोडवेज बसों का संचालन अचानक बंद किए जाने से स्थानीय यात्रियों में भारी आक्रोश है। बस सेवा ठप होने से व्यापारियों, छात्रों व दैनिक यात्रियों को मजबूरी में ऊंचा किराया देकर प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है। कस्बे के राजकीय बस स्टेशन से घाटमपुर वाया कानपुर के लिए चलने वाली सीएनजी बसों को पिछले माह से विभाग द्वारा संचालन अचानक बंद कर दिया गया था इसके बाद पिछले सप्ताह से अचानक कस्बे से साढ़ गोपालपुर वाया कानपुर के लिए संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों को विभाग द्वारा बंद कर दिया गया जिससे कस्बा सहित आसपास के करीब 12 किलोमीटर क्षेत्र के व्यापारियों व राहगीरों के लिए परेशानी बढ गई इतना ही नहीं क्षेत्र के व्यापारियों के लिए कानपुर शहर प्रमुख बाजार होने के कारण प्रतिदिन व्यापारी कानपुर का सफर करते हैं। पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्र ने बस सेवा बंद होने को जनहित पर सीधा प्रहार बताते हुए विभागीय अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए बसें रोकना जनता को संकट में धकेलने जैसा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बस सेवा बहाल नहीं हुई तो परिवहन विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक आरएम कानपुर महेश कुमार ने आश्वासन दिया कि आज गुरुवार से दोझतीन बसों का संचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

# सराफा कारीगर को बेहोश कर 28 लाख का सोना लूटा

**220 ग्राम बताया जा रहा वजन, टीपी नगर क्षेत्र में मिला बेहोश**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सरार्फा कारीगर को बेहोश कर दो बदमाश 28 लाख रुपए का सोना लूटकर ले गए। कारीगर की बेहोशी टूटी तो वह टीपी नगर थाना क्षेत्र में पड़ा था। संगठन के पदाधिकारी को सूचना मिली जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी नाभा कुमार जाना सरार्फा कारीगर है। दिन रात वह अपने आभूषण लेकर कोतवाली क्षेत्र के ठठेरवाड़ा से जा रहा था। जैसे ही विनायक मंदिर के पास पहुंचा बाइक सवार दो युवकों ने पता पूछने के बहाने उसे रोक लिया। इससे पहले की कारीगर कुछ समझ पाता बाइक पर पिछली सीट पर बैठा युवक नीचे उतर गया और उसने एक पता पूछा। अचानक दूसरे शख्स ने पीछे से आकर नाभा कुमार जाना को कुछ सुनाया जिससे वह बेहोश हो गया। कुछ घंटे बाद नाभा कुमार को होश आया तो वह दिल्ली रोड पर पड़े हुए थे। संभवतः बेहोश करने के बाद बाइक सवार बदमाश उन्हें अपनी बाइक से ही दिल्ली रोड पर ले गए और वहां फेंक कर फरार हो गए। होश में आने के बाद कारीगर ने मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय कुमार आनंद को फोन पर घटना की सूचना दी। विजय आनंद ने तुरंत कोतवाली एसएचओ को फोन मिलाया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद विजय कुमार आनंद ने डायल 112 पर फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई।

विजय आनंद ने पुलिस को बताया कि नाभा कुमार को जब होश आया तो उन्होंने अपनी जेब में रखा सोना देखा। सोना जेब से गायब हो चुका था। करीब 220 ग्राम सोना जेब में था, जिसकी कीमत लगभग 28 लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई। एक टीम को कारीगर के साथ दिल्ली रोड पर भेजा गया।

# डीएम ने बीएलओ के कामों की समीक्षा की

**निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के लिए कई बूथों का दौरा किया**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई बूथों पर पहुंचकर बीएलओ ( बूथ लेवल ऑफिसर ) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कनौड़ा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय सरूरपुर खुर्द, लोकप्रिय इंटर कॉलेज सरधना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा समेत कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण, मतदाताओं से प्रपत्र वापस प्राप्त करने और डेटा फीडिंग की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य समय पर पूरा किया जाए और एसआईआर ( विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण ) प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बूथ संख्या 154, ग्राम दशरथपुर कनौड़ा की बीएलओ लोकेश रानी और बूथ संख्या 145, ग्राम मदारीपुर की बीएलओ सविता सैनी को सम्मानित किया। दोनों कार्मिकों ने एसआईआर का कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। समीक्षा बैठक में बीएलओ के साथ अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# इलेक्ट्रिकल दुकान में लाखों की चोरी

**शटर तोड़कर 7 लाख का सामान और 1.25 लाख नकद ले गए चोर**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, लालकुआं जीटी रोड स्थित मयंक इलेक्ट्रिकल दुकान में देर रात चोरी हुई। वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में चोरों ने शटर तोड़कर दुकान से लाखों का सामान और नकदी चुरा ली। दुकान मालिक देवेंद्र गोयल ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे तीन चोरों ने दुकान में प्रवेश किया। चोरों ने पहले दुकान का शटर तोड़ा। इसके बाद अंदर लगे चैनल का लॉक तोड़कर वे दुकान के भीतर घुसे। अंदर घुसते ही चोरों ने महंगे इलेक्ट्रिक वायर के बंडल उठा लिए, जिनकी कीमत लगभग 6 से 7 लाख रुपये बताई जा रही है। देवेंद्र गोयल के अनुसार, उनके भतीजे लक्ष्य गोयल दुकान संभाल रहे थे। लेनदेन और भुगतान के लिए गल्ले में रखे 1.25 लाख रुपये भी चोरों ने चुरा लिए। जाते समय चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। हालांकि, देवेंद्र गोयल के मोबाइल पर कैमरे की बैकअप फुटेज उपलब्ध थी, जिसमें तीनों चोरों की तस्वीरें कैद हो गई हैं। देवेंद्र गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से वे कुछ समय से दुकान पर नहीं बैठ पा रहे थे। उनकी पत्नी का हाल ही में एम्स दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है, जिसके लिए उन्होंने अपनी एक किडनी पत्नी को दी थी। डॉक्टरों ने उन्हें तीन महीने का बेड रेस्ट बताया है, जिसके कारण दुकान की जिम्मेदारी उनके भतीजे लक्ष्य गोयल संभाल रहे थे। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द कार्रवाई और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश जारी है।

# टीचर ने सरकारी स्कूल के बच्चों से उठवाया ईंट

**बीएसए ने जांच ने दिए जांच के आदेश, बोले– रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, जुनपत गांव स्थित एक प्राथमिक विद्यालय से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां छोटे बच्चों को पढ़ाई कराने के बजाय ईंटें उठाते और मजदूरी करते देखा गया। यह मामला गांव के एक युवक द्वारा बनाए गए वायरल वीडियो के बाद उजागर हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में छात्र सामान ढोते और अन्य मजदूरी जैसे कार्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ( बीएसए ) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में चपरासी तैनात होने के बावजूद बच्चों से सफाई, ईंटें ढोने और सामान उठाने का काम करवाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि बच्चों से ऐसे काम पहले भी कराए जाते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रथा न केवल बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित करती है बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालती है। मामले पर बीएसए ने बताया कि फिलहाल उन्हें कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन वीडियो की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। बीएसए ने कहा कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जाएगी और यदि कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बीएसए ने स्पष्ट कहा, बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के मंडल अध्यक्ष को पितृशोक

अमन लेखनी समाचार

गरौठा ।अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के झांसी मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा के पूज्य पिता जी श्री गजराज सिंह यादव का 80 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा तहसील इकाई गरौठा द्वारा बजरंग धर्मशाला में एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें सभी ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान सियाराम यादव,जंगबहादुर यादव (जिला पंचायत सदस्य), डॉ.रामकुमार यादव,रामपाल यादव,भवन यादव,बॉबी यादव,इंद्रपाल सिंह यादव,बीरेंद्र सिंह यादव (बीरू), एड० आनंद प्रकाश यादव,श्याम सिंह यादव, हेमन्त यादव,पहाड़ सिंह यादव,हृदेश यादव,अखिलेश यादव, दीपक यादव,हरेंद्र यादव,संध्या यादव, एड०कौशलेंद्र यादव,रविन्द्र यादव आदि ने शोक प्रकट किया।

### कुसमरा पहुंच जवान को यादव महासभा ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में डियूटी के दौरान गोली लगने से मरे सेना के नायक गोविंद सिंह को यादव महासभा ने उसके पैतृक घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करके जवान के परिजनों को ढांढस बंधाया। महासभा के जिला मीडिया प्रभारी नंदकिशोर यादव ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद सिंह सेना में नायक पद पर जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात था। गलत 23 नवंबर को ड्यूटी के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई थी।25 नवंबर को सेना के वाहन से देर शाम शव को गांव लाया गया सूर्यास्त हो जाने के कारण मंगलवार को जवान का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। बुधवार को जवान का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुघर सिंह यादव, राजकिशोर यादव, महासचिव रमाशंकर यादव, बदलू फौजी, अनार सिंह आदि शामिल रहे और जवान को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बधाते हुए सांत्वना प्रदान की।

### सकल जीव नारायण मानी सेवा करन हेतु हम ठानी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।नारायण सेवा समूह द्वारा मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके प्रणाम नारायण सेवा समूह के सदस्यों के सहयोग से हर माह ये कार्यक्रम हो रहें है इस दौरान सुमेर व प्रियम मिश्रा कहते है प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह दुनिया से जो कुछ लेता है, कम से कम उसका बराबर हिस्सा दुनिया को वापस दे। - इसी क्रम मे नारायण सेवा समूह अपने साथियो के सहयोग से हर माह एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा है. इस मौके पर डॉ जे बी सिंह राम आसरे रस्तोगी प्रभुदयाल गुप्ता राम स्नेही द्विवेदी सावित्री कटियार राम शंकर शुक्ला अनिल भसीन विनोद अग्रवाल संदीप अग्रवाल जय शंकर मिश्रा संजय मिश्रा नरेश कुमार सोमेश सिंह नितिन मिश्रा अभिनव सिंह चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी मनमोहन सिंह अनिल गुप्ता निरुपम त्रिपाठी मनोज मिश्रा जुगुल गुप्ता शम्भू दयाल आदि लोग मौजूद रहे.

# बहन की शादी में आई देवरिया की नवविवाहिता का हत्यारा गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगलरसुलपुर नंबर दो, लक्ष्मीपुर गांव में चचेरी बहन की शादी में आई नवविवाहिता शिवानी की सनसनीखेज हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है।पुलिस ने मुख्य आरोपी विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वारदात के बाद आरोपी वाराणसी भाग गया था, जहां से उसे दबिश देकर पकड़ा गया। देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के अवस्थी गांव निवासी शिवानी तीन दिन पहले ही मायके आई थी।रविवार देर रात जयमाल समारोह के बाद वह घर लौट आई थी। जब उसकी मां नोहरी देवी देर रात कार्यक्रम से वापस पहुंचीं, तो शिवानी घर पर नहीं मिली।बड़ी बेटी से जानकारी लेने के बाद घर के आसपास खोजबीन शुरू की गई। तलाश के दौरान घर के पास बने टॉयलेट के नीचे एक हाथ दिखाई दिया। दरवाजा खोला गया तो अंदर शिवानी का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। उसका गला धारदार हथियार से बेरहमी से रेत दिया गया था। भयावह दृश्य देखकर मां चीख पड़ीं और गांव में अफरा-तफरी मच गई।

### डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जुटाए अहम साक्ष्य

सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके की बारीकी से जांच कराई।खोजी कुत्ता खून के धब्बे सूंघते हुए मृतका के घर के पीछे की गली तक गया, जहां आरोपी विनय का घर स्थित बताया गया है।फोरेंसिक टीम ने खून, मिट्टी, फिंगरप्रिंट सहित कई महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए हैं।

### कॉल डिटेल और साक्ष्यों से आरोपी तक पहुंची पुलिस

शिवानी की मां ने पहले अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ, कॉल डिटेल और जुटाए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की।कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई। इसके बाद आरोपी विनय के वाराणसी भागने की जानकारी मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस लाइन वाइट सभागार में मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र ने बताया कि मृतका शिवानी अभियुक्त विनय पर शादी का दबाव बना रही थी।

# संविधान दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

### 16 दिवसीय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। कुरारा में संविधान दिवस के अवसर पर 16 दिवसीय अभियान के तहत समर्थ इंडिया द्वारा सहयोग संस्था के साथ मिलकर ग्राम शंकरपुर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं, युवतियां और स्कूल छात्राओं को संविधान की उद्देशिका, संविधान में महिलाओं,लड़कियों के प्रदत्त अधिकार और कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया।इस दौरान तरंग लीडर ओमशांति, दिशा शुक्ला, मोहिनी, खुशबू, नम्रता, रागिनी द्वारा संविधान गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आशा कार्यकर्ता शकुंतला और आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकुंतला द्वारा डिजिटल हिंसा पर आयोजित कैलेंडर का विमोचन किया।

# प्रधान संगठन बामौर ने की शोक सभा



### प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष के पिता के निधन पर जताया दुख

अमन लेखनी समाचार

बामौर। राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन की एक शोकसभा जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा के पिता गजराज सिंह यादव का 80वर्ष की आयु में निधन होने पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शोक सभा में अनुज कुमार द्विवेदी ग्राम प्रधान नागर, श्याम सिंह दद्दा प्रधान अस्ता, राजेंद्र तिवारी प्रधान ककरवई, संजय गुप्ता बामौर, आशीष श्रीवास सुट्टा, कुलदीप यादव गेंदा कबूला, वरुण त्रिपाठी वीरपुरा, अशोक कुमार इसकिल, राजेश पटेल सरसेडा, राजेंद्र अहिरवार दुरखुरु, प्रताप पटेल जोरी, विनोद प्रधान अर्जरा, विजय यादव गोनहा, हल्के राजा रिया, कल्लू पटेल अहरौरा एवं समस्त प्रधान उपस्थित रहे।

# गूगल मैप के गलत मार्गदर्शन से अर्टिगा कार में लगी भीषण आग

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के कोतवाली शहर क्षेत्र स्थित न्यू सिविल लाइन में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया।दिल्ली जाने के लिए निकले एक परिवार की मारुति एक्स-एल सिक्स कार में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि कार चालक ने यात्रा शुरू करने से पहले गूगल मैप पर दिल्ली का मार्ग सेट किया था। मार्गदर्शन के अनुसार गाड़ी न्यू सिविल लाइन की संकरी गलियों में पहुंच गई। इलाके की गलियां बेहद टेढ़ी-मेढ़ी और तंग होने के कारण कार एक तालाब पर बुरी तरह फंस गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने कार को निकालने का कई बार प्रयास किया, जिससे गाड़ी का इंजन अधिक गर्म होने लगा। लगातार एक्सीलेरेशन और तालाब की मिट्टी में फसने के कारण इंजन में तेज घर्षण हुआ।कुछ ही मिनटों में वाहन के आगे वाले हिस्से से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें बाहर आने लगीं।परिवार के लोग तुरंत गाड़ी से बाहर निकल आए, जिससे किसी तरह का जनहानि नहीं हुई। स्थानीय निवासियों ने आग को बढ़ते देख शोर मचाया और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।स्थानीय लोगो द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों को भी सुरक्षित स्थान पर हटा दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद लोगों में नेविगेशन ऐप्स को लेकर नाराजगी देखी गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गूगल मैप अक्सर न्यू सिविल लाइन की तंग गलियों से होकर रास्ता दिखाता है, जिससे कई बार वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वाहन मालिक का बयान दर्ज किया जा रहा है।यह हादसा बताता है कि तकनीक पर निर्भरता के साथ सतर्कता भी बेहद जरूरी है, खासकर अनजान क्षेत्रों में वाहन चलाते समय।

# सीएचसी-पीएचसी पर रात्रिकालीन सेवाओं की होगी औचक जांच, सीएमओ ने की शुरूआत

### सीएमओ डॉ राजेश झा ने सहजनवां सीएचसी पर सोमवार की रात की गहन जांच

### मरीजों से लिया फीडबैक, उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता परखी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। स्वास्थ्य विभाग अब ग्रामीण क्षेत्रों की सीएचसी और पीएचसी की रात्रिकालीन सेवाओं की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेगा। इसके लिए इन अस्पतालों की रात में औचक जांच की जाएगी। इसकी शुरूआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने सोमवार की रात से कर दी। उन्होंने सहजनवां सीएचसी पर दी जा रही रात्रिकालीन सेवाओं की गहन जांच की। मरीजों से उपलब्ध सेवाओं का फीडबैक लिया और उनकी गुणवत्ता भी परखी। सीएमओ के निरीक्षण में सभी चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले। सीएमओ डॉ झा ने बताया कि अस्पतालों पर उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता जांच और गैप एनॉलिसिस के लिए जिले में छह टीमें सक्रिय हैं। यह टीमें दिन में अलग-अलग अस्पतालों पर जाकर जांच कर रही हैं।इनके साथ ही विभाग का जोर रात में दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी है।इसी कड़ी में सहजनवां सीएचसी का रात में औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एक सी-सेक्शन डिलेवरी की मरीज मिली, जिनसे बातचीत की गई। वह सेवाओं से संतुष्ट थीं।चार प्रसूताएं भी वार्ड में भर्ती थीं।इसके अलावा दो अन्य मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा था। उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों और स्टॉफ को निर्देश दिया गया कि मरीजों को दी जाने वाली सेवा में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अस्पतालों पर उपलब्ध मेडिको लीगल, इमर्जेंसी, प्रसव व सी-सेक्शन प्रसव आदि की सेवाएं हर स्थिति में निर्बाध गति से चलनी चाहिए। डॉ झा ने बताया कि आगे भी अलग-अलग टीम के माध्यम से रात्रिकालीन सेवाओं की औचक जांच कराई जाएगी।

# हजारों लोगों ने कुसमुरा गांव पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की



अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद होने पर पार्थिव शरीर घर आने पर हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राजकीय सम्मान के साथ गांव में अंतिम संस्कार

संपन्न हुआ।छोटे भाई ने मुखाग्नि दी ।क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद यादव ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे मंगलवार को एंबुलेंस से उनका पार्थिव शरीर घर आया था।तथा सेना के जवानों द्वारा रात में ही सलामी दी गई थी। तथा वापस चले गए थे। बुधवार को सुबह परिजनों ने शहीद का अंतिम संस्कार अपने खेत में किया ।छोटे भाई भूपेंद्र यादव ने शहीद को मुखाग्नि दी।शोक के माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।तथा जिस एंबुलेंस से शव जम्मू कश्मीर से गांव आया था। वह रात में रुककर सुबह अंतिम संस्कार होने के बाद ताबूत लेकर वापस लौट गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने गांव जाकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।तथा ग्रामीणों की मांग पर शहीद स्मृति द्वार व शहीद पार्क, व शहादत ग्राम घोषित कराए जाने के लिए प्रयास करने का आश्वाशन दिया। हमीरपुर महोबा सांसद अजेंद्र सिंह ने गांव जाकर परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की।अंतिम संस्कार के समय ग्रामीण व रिश्तेदार भारी संख्या में मौजूद रहे।

# नवंबर माह में तीन दिन बचे नहर में पानी गायब किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नवंबर माह समाप्त होने में महज तीन दिन बचे हैं। मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है।इस वजह से किसान परेशान है जबकि नहरों में पानी छोड़े जाने का रोस्टर 15 नवंबर से होता है।जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष संजय सिंह बण्डा ने बताया कि ब्लाक की आधा दर्जन ग्राम पंचायत के किसानों को मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच से सिंचाई के लिए पानी मिलता है। प्रतिवर्ष नहर 15 नवंबर से शुरू हो जाती थी। इस वर्ष अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है। किसानों को पलेवा के साथ पूर्व में बो चुकी सरसों, मटर आदि की फसलों के लिए पानी की जरूरत है लेकिन यहां से पानी गायब है जबकि नवंबर माह खत्म होने में महज तीन दिन बचे हैं। किसान मजबूर होकर निजी नलकूपों से पानी खरीदकर फसले बचाने की जद्दोजहद कर रहा है।

# जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर।जिला न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निदेर्शानुसार जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमें सिविल जज (सी0डि0), श्रीमती वन्दना अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला कारागार , जेल अधीक्षक, मंजीव, जेलर, आनंद, डिप्टी जेलर, देवेन्द्र कुमार दुबे, व शिखर उपस्थित रहे।जेल लोक अदालत में कुल 08 मामलें प्रस्तुत हुये। जिसमें से 07 मामलों का निस्तारण कर दिया। 01 बंदी के विरुद्ध कई मामलों में प्रकरण लंबित होने के कारण निस्तारण नहीं किया जा सका उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निदेर्शों के अनुपालन में प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को आयोजित की जाती है। इस अवसर बन्दी अपने लघु प्रकृति के मामलों का शीघ्र निस्तारण स्वेच्छया जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर करा सकते है। इसके अलावा कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गयी तथा उक्त समस्याओं के निवारण हेतु जेल अधीक्षक, व जेलर को आवश्यक निर्देश दिये गये।सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा कैदियों को यह भी बताया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुक्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते है।सचिव द्वारा बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थनापत्र प्रेषित कर सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जायेगा।

# श्री गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन निकली भव्य कलश यात्रा

### कथा व्यास ने बताया कलश स्थापना का आध्यात्मिक महत्व

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। श्रीगायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरूआत श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज से हुई। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाएं सिर में कलश रख कर शोभायात्रा में आगे बढ़ी। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं, युवा वर्ग और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें माहौल भक्तिमय हो गया। रास्ते भर जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। वहीं बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों ने यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया कथा स्थल पर पहुंचने के बाद कथा व्यास पंडित दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर पूजन संपन्न कराया। उन्होंने पुराणों में वर्णित कलश स्थापना के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि कलश दिव्य ऊर्जा, शांति और समृद्धि का प्रतीक है। जल, पंचतत्वों और देव शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कलश की स्थापना से वातावरण शुद्ध होता है तथा घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में कलश केवल एक पात्र नहीं बल्कि श्रद्धा, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र माना गया है।इस मौके पर कथा परीक्षित कैलाश सोनी,रानी देवी,नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे,राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।उधर यज्ञवेदी में तीसरे दिन भी गायत्री महामंत्र का जाप जारी रहा।24 लाख मंत्र जाप के उपरांत के पूणार्हुति के यज्ञ का समापन होगा। यज्ञवेदी में आचार्य माधवानारायण शास्त्री एवं यज्ञ के ब्रह्मा पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री, सह आचार्य उमादत शुक्ला के निर्देशन में कर्मकांडी ब्राह्मण मंत्र जाप में लगे हुए हैं।साथ ही मेला मैदान में महिलाएं घर गृहस्थी सामान खरीदने के साथ झूला आदि का आनंद ले रहे हैं महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि पूरे सप्ताह चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भजन, कथा और यज्ञ की विशेष श्रृंखलाएं आयोजित होंगी। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# जगदीश सिंह यादव नंदकिशोर मोदी महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

### सैकड़ों बच्चों ने संविधान दिवस पर ली भारतीय संविधान की प्रतिज्ञा

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय, झाँसी।नगर के जगदीश सिंह यादव नंदकिशोर मोदी महाविद्यालय गुरसरांय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।भारतीय संविधान दिवस पर सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों ने संविधान की शपथ ली। इस अवसर पर बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।26 नवंबर 1949 को संविधान पारित होने की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संविधान की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी एस यादव ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संविधान के बारे में विस्तार से बताया तथा संविधान की शपथ दिलाई।इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अनूप अवस्थी द्वारा संविधान निर्माण के बारे में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बच्चों को संविधान के महत्व और उसके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।इस प्रकार आयोजित कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को संविधान के प्रति सम्मान और समझ प्रदान करने वाला रहा,बल्कि उन्हें देश के प्रति अपने दायित्वों और कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित भी किया।इस अवसर पर डॉक्टर प्रहलाद कुमार गुप्ता,डॉक्टर प्रतिज्ञा गुप्ता,रामनरेश यादव, श्वेता द्विवेदी,शिवम द्विवेदी ,बीके यादव,जय प्रताप सिंह,रितु यादव, जगदेव सिंह,राजीव घोष, शिवम व्यास आदि उपस्थित रहे।

# पी०एम० सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत बैठक

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभा कक्ष में पी०एम० सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आहुत की गई जिसमें वैण्डर कल्प इन्टरप्राजेज के अभिषेख दिक्षित द्वारा शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने बैंक मेनेजरों को चार दिवस में विद्युत उपभोक्ताओ को ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये तथा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देश दिये कि जो बैंक समय से ऋण स्वीकृत न करें। तो मुझे अवगत कराये हवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के उप खण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिवस में नाम परिवर्तन एंव भार परिवर्तत करने की हिदायत दी। तथा अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण को निर्देशित किया कि अधिकतम तीन दिन में मीटर स्थापना एंव सोलर कन्सीडर कराने को कहा गया।बैठक में आर०बी० ओझा परियोजना प्रभारी, जनपदीय बैंक मैनेजर एंव एल.डी.एम., विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण एंव अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण, उपखण्ड अधिकारी एंव जनपद के समस्त पजीकृत वैण्डरों द्वारा प्रतिभाग किया गया उक्त के क्रम में पी०एम० सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत धन्यवाद

# दबंगों ने किया #शमशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा जिम्मेदार मौन

### एक एकड़ भूमि में बची है सिर्फ डेढ़ बीघा जमीन

### बची हुई डेढ़ बीघा जमीन पर भी किसी का दाह संस्कार नहीं होने देता है दबंग

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद/हरदोई जनपद के तहसील #शाहाबाद के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम कपूर बहोरन में एक मामला ऐसा सामने आया है जिसको सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे जी हां आपको बताते चलें नवीन पत्ती भूमि गाटा संख्या 156 है जो लगभग एक एकड़ है उसमें दबंगों ने 3:30 बीघा जमीन को जोत रखा है शेष बची डेढ़ बीघा जमीन पर भी लगे आम के व अन्य प्रजाति के पेड़ों के लालच में आकर के उस भूमि पर भी पूर्ण रूप से अपना अधिकार स्थापित कर लिया और उस जमीन पर भी किसी का दाह संस्कार नहीं होने देते सिर्फ अपने घर के अलावा गांव के लोग अपने खेतों में या सड़क के किनारे दाएं बाएं दाएं संस्कार करने पर मजबूर है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दबंग का पूर्व से इतिहास अपराधिक रहा है उनके घर वालों ने दो-दो मर्डर किए थे इससे गांव में काफी दहशत उनके नाम की रहती है और उनके आगे कोई बोलता भी नहीं है ग्रामीणों ने बताया की दबंग रामचंद्र पुत्र चतुरी आदि ग्रामीण मौजूद रहे

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

## लाइफ Style



# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।




# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

## टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

### एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी



को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'

# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस :*** साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक :*** फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान :*** साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर :*** 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी :*** साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल जोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*